

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 330 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 25 सितंबर 2023



पेज -4 पर
जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह



राज्य की असर टीम किशोर व युवाओं की विकास क्षमता का करायेगी सर्वे
पेज -8 पर





## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)**

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये
कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द सावा शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


# कोविड से शरीर में हुए प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने में फिजियोथेरेपिस्ट की भूमिका महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री

## फिजियोथैरेपी की विशेषताओं को लोगों तक पहुंचाने की जरूरत - उपमुख्यमंत्री सिंहदेव

**रायपुर।** कोरोना महामारी के कठिन दौर के बाद लोगों के शरीर में जो प्रतिकूल प्रभाव हुए, उसे दूर करने में फिजियोथैरेपिस्ट ने बड़ी भूमिका निभाई। इस दौरान हम सबने इसके महत्व के बारे में जाना। शारीरिक दर्द, लकवा की बीमारी तथा न्यूरो सहित कई मामलों में आज फिजियोथैरेपी बड़ी मददगार साबित हो रही है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा सभागार में आयोजित पहले 'फिजियोकॉन 2023' को सम्बोधित कर रहे थे। द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट के तत्वाधान में आयोजित इस कर्यक्रम में प्रदेश भर से आए फिजियोथेरेपिस्ट और विषय विशेषज्ञों के मध्य सार्थक परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री बघेल तथा उपमुख्यमंत्री श्री टी. एस. सिंहदेव को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि समय के साथ बढ़ती भौतिक सुख-सुविधाओं और परिवहन के साधनों के कारण मानव की शरीरिक गतिविधियां कम हुई हैं। जिससे शरीर में दिक्कतें बढ़ी है। हमें समझना होगा कि हमारा शरीर केवल आराम करने के लिए नहीं बल्कि मेहनत के लिए भी बना है। उन्होंने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में फिजियोथेरेपी का महत्व बढ़ गया है। खिलाड़ियों के खेल कौशल को बढ़ाने में भी यह बड़ी मदद करता है।





मुख्यमंत्री 'फिजियोकॉन 2023' में हुए शामिल





श्री बघेल ने कहा कि आपने अस्पताल में देखा होगा यदि किसी को फ्रैक्चर हुआ है या दर्द की समस्या है तो उसे फिजियोथैरेपी की सलाह दी जाती है। एक बात जो ध्यान रखना है कि फिजियोथैरेपी भी प्रशिक्षित फिजियोथैरेपिस्ट के देखरेख में ही करना चाहिए। नियमित व्यायाम और योग से भी शरीर स्वस्थ रहता है, इसका मतलब ही है कि आपके शरीर में मूवमेंट होना चाहिये और फिजियोथैरेपी ऐसी ही विधा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान जो जीवन शैली है उसमें शरीरिक गतिविधि कम और मानसिक ऊर्जा का अधिक उपयोग हो रहा है,

जिसने फिजियोथैरेपिस्ट का महत्व बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 05 सालों में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार तेजी से हुआ है राज्य शासन की योजनाओं और प्रतिबद्धता से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। मुख्यमंत्री ने कोरोना के कठिन दौर के बाद फिजियोथेरेपिस्ट की भूमिका की सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के आग्रह पर फिजियोथेरेपी कौंसिल के कार्यकारिणी गठन को जल्द पूर्ण करने की बात कही।

उप मुख्यमंत्री श्री टी. एस. सिंहदेव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में फिजियोथैरेपी का आम लोगों के जीवन के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी सर्वाधिक महत्व है। फिजियोथैरेपी खेल का अभिन्न हिस्सा बन गया है। आज स्पोर्ट्सपर्सन बेहतर परफॉर्मेंस देने के लिए फिजियो के बिना सफल नहीं हो पा रहे हैं और इससे परफॉर्मेंस को एन्हांस कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री रहे श्री अजीत जोगी के दुर्घटना उपरांत स्वास्थ्य सुधार को लेकर फिजियोथेरेपी के योगदान को भी बताया और फिजियो से जुड़े अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किये। उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने फिजियोथैरेपी की विशेषताओं और उसके महत्व को लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम को इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरपिस्ट्स के राष्टीय अध्यक्ष डॉ संजीव झा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरपिस्ट्स के छत्तीसगढ़ ब्रांच अध्यक्ष डॉ प्रशांत चक्रवर्ती, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. फैज़ान, डॉ. अली ईरानी, डॉ. जोजी जॉन, डॉ. रुचि वासनिक, डॉ. अविनाश कुशवाहा सहित प्रदेश भर से आए फिजियोथैरेपिस्ट सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

पीएम मोदी के दौरे पर सीएम बघेल का तंज

### मोदी-शाह के कई दौरे रद्द हुए, जब छत्तीसगढ़ आ जाएं तब माने कि दौरे पर आए हैं



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बैक टू बैक दौरे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के कई दौरे रद्द हुए हैं. छत्तीसगढ़ आ जाएं, तभी माने की दौरे पर आए हैं. एनएफएचएस के रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं. 88 प्रतिशत लोग ही शहर में शौचालय का उपयोग करते हैं. ग्रामीण इलाकों में 73 प्रतिशत लोग शौचालय का उपयोग करते हैं. ओवरऑल देखे तो 76% लोग ही शौचालय का उपयोग करते हैं. 23% लोग शौचालय का उपयोग नहीं कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि ओडीएफ प्लस राज्य को घोषित किया गया है. लेकिन 16 लाख परिवार अभी भी शौचालय का उपयोग नहीं कर रहा है. रमन सिंह के कार्यकाल में इसको ओडीएफ घोषित किया गया था. लगभग डेढ़ हजार करोड़ रुपए का घोटाला शौचालय में ही किया है. केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा था, लेकिन जांच नहीं हो रही है. इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के नेता मौन हैं. इसको भी ईडी, आईटी से जांच करानी चाहिए. नौ वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज हरी झंडी दिखाए जाने पर भूपेश बघेल ने कहा कि रेल मंत्री का कोई काम नहीं है. हादसे होते हैं तो रेल मंत्री को भेजा जाता है. ट्रेन को हरी झंडी प्रधानमंत्री दिखा रहे हैं, यह तो अद्भुत है. जिस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएं हैं ।

## राहुल रायपुर से बिलासपुर ट्रेन से जा सकते हैं, अभी बोगी तय नहीं



**बिलासपुर।** बिलासपुर के तखतपुर में कांग्रेस सरकार और संगठन का आवास सम्मेलन आयोजित है। इसे संबोधित करने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आ रहे हैं। राहुल रायपुर ,बिलासपुर तक का सफर ट्रेन में तय कर सकते हैं ।राहुल दिल्ली से विमान से सुबह 9 बजे माना पहुंचेंगे। फिर 11.15 बजे रायपुर बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से रवाना होंगे। शाम 5 बजे भी वे बिलासपुर से एलटीटी एक्स्प्रेस से रायपुर आकर सवा आठ बजे के विमान से दिल्ली लौट जाएंगे। अभी यह तय नहीं है कि राहुल ट्रेन की जनरल, स्लीपर या एसी बोगी में सफर करेंगे। उनके साथ सीएम भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम सिंहदेव, स्पीकर चरण दास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज भी होंगे। विस्तृत कार्यक्रम की प्रतीक्षा है।

भाजपा के लिए संजीवनी

## प्रधानमंत्री मोदी 30 सितंबर को बिलासपुर, तीन अक्टूबर को जगदलपुर में लेंगे सभा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 सितंबर को बिलासपुर और तीन अक्टूबर को जगदलपुर आएंगे। चुनावी वर्ष में मोदी तीन महीने के भीतर प्रदेश में क्रमशः तीसरी व चौथी सभा लेंगे। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो प्रधानमंत्री का यह प्रवास छत्तीसगढ़ भाजपा के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है। एक तरफ दंतेवाड़ा से 12 सितंबर और जशपुर से 15 सितंबर को शुरू हुई भाजपा की परिवर्तन यात्रा से भाजपाइयों का मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं अब प्रधानमंत्री बिलासपुर में परिवर्तन यात्रा के समापन के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। मोदी मिशन-2023 के चुनावी रण में 90 विधानसभा सीटों पर जीत के लिए उनका



हौसला बढ़ाएंगे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा संभाग बिलासपुर है। जहां आठ जिलों में 24 विधानसभा सीट आती हैं। इस इलाके में सभी राजनीतिक पार्टियां जोर लगा रही हैं। इसमें से कांग्रेस के पास 13,भाजपा के पास 07, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) 02 और बहुजन समाज पार्टी के पास 02 सीट है। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) से अलग हुए धर्मजीत सिंह अब भाजपा में शामिल हो गए हैं।

विधायक देवेंद्र यादव और चंद्रदेव राय की बढ़ी मुश्किलें

## कोयला घोटाले और अवैध वसूली पर ईडी ने किया परिवाद पंजीबद्ध

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की विशेष अदालत ने विधायक देवेंद्र यादव विधायक चंद्रदेव राय समेत 9 के खिलाफ परिवाद पंजीबद्ध कर 25 अक्टूबर को पेश होने की तारीख तय की है. कोयला घोटाला और अवैध वसूली के मामले में पूरक परिवाद के पंजीबद्ध होने के बाद दोनों कांग्रेस विधायक समेत शामिल उन लोगों की परेशानी बढ़ गई है, जिन्हें ईडी ने अब तक गिरफ्तार नहीं किया है. इन सभी को अब अग्रिम ज़मानत याचिका लेनी होगी.



अदालत ने 23 सितंबर को पूरक परिवाद को पंजीबद्ध कर लिया है. पूरक परिवाद में निखिल चंद्राकर, रानू साहू, पीयूष साहू, देवेंद्र यादव, चंद्रदेव प्रसाद राय, विनोद तिवारी, राम प्रताप सिंह, रोशन सिंह, मनीष उपाध्याय, नवनीत तिवारी और नारायण साहू का नाम शामिल है. इनमें से निखिल चंद्राकर और आईएएस अधिकारी रानू साहू गिरफ्तार किए जा चुके हैं.

शेष 9 लोगों को - विधायक देवेंद्र यादव, विधायक चंद्रदेव राय, कांग्रेस प्रवक्ता आर पी सिंह, कांग्रेस नेता विनोद तिवारी,पीयूष साहू,रोशन सिंह, मनीष उपाध्याय, नवनीत तिवारी और नारायण साहू कोर्ट में पेश होना होगा. कोर्ट में पेश होने के पहले इन सभी को अग्रिम ज़मानत लेनी होगी, अन्यथा इन पर गिरफ्तारी का खतरा मंडराता रहेगा.





राजस्थान में हम क्लोज हैं

## एमपी छत्तीसगढ़ में जीत तय, विधानसभा चुनावों से पहले राहुल गांधी का बड़ा दावा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा में पार्टी की जीत की संभावना को लेकर बड़ा बयान दिया है. वायनाड सांसद ने दावा किया है कि पार्टी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में नैरेटिव सेट कर रही है. राहुल ने कहा कि राजस्थान में सरकार के खिलाफ कोई गुस्सा नहीं है. देश में आगामी कुछ महीनों में कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। वहीं लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां जोरों पर है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष दोनों ही अपनी जीत को सुनिश्चित करने के



हर संभव प्रयास में लगा हुआ है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। यहां राहुल गांधी ने कहा कि हमने कर्नाटक में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सबक सीखा है। सबक यह था कि भाजपा ध्यान भटका कर और हमें अपनी कहानी गढ़ने की अनुमति नहीं देकर चुनाव जीतती है। इसलिए हमने कर्नाटक में कुछ यूं चुनाव लड़ा कि भाजपा अपने नरेटिव को परिभाषित ही नहीं कर सकी। राहुल गांधी ने कहा, 'आज आप देख रहे हैं कि भाजपा कैसे रमेश बिधूड़ी और फिर अचानक निशिकांत दुबे तथा अब जाति जनगणना के विचार से भटकाने का प्रयास कर रही है। हम अभी तेलंगाना में जीत रहे हैंम। हम निश्चित रूप से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीत रहे हैं।

**सौगात ....**

*सुकमा विकास के पथ पर चल रहा है, इस गति को रुकने नहीं देना है*

## छिंदगढ़ का ऐसा कोई गांव नहीं है, जो पक्की सड़क से ना जुड़ा हो: मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सुकमा जिले के छिंदगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 273 करोड़ रूपए की लागत वाले 137 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर सुकमा वासियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने आमसभा में छिंदगढ़ में रेस्ट हाउस और तालनार में 30 बिस्तर वाले अस्पताल निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने

**मुख्यमंत्री ने सुकमा जिले को 273 करोड़ रूपए की विकास कार्यों की दी सौगात**

**तालनार में बनेगा 30 बिस्तर वाला अस्पताल एवं छिंदगढ़ में रेस्ट हाउस**



आमजनों की सुविधाओं में वृद्धि करते हुए पोरदेम मार्ग में पुलिया निर्माण, मनकापाल से पुसेर मार्ग स्थित मलगेर नदी में पुलिया निर्माण, हम्मीरगढ़ से लिटीरास के बीच बारू नदी में पुलिया निर्माण, सुकमा जिले के मनकापाल, किस्टाराम, जगरगुंडा, बस्तर जिले के पोटानार, धुरागांव गूमड़पाल में धान खरीदी केंद्र के निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने रोकेल से पेदारास के मध्य बारू नदी पर पुलिया निर्माण और केरलापाल से पोंगा भेज्जी मार्ग स्थित रेवड़ी नाला में पुलिया निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा आम सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहले सुकमा और छिंदगढ़ की स्थिति क्या थी और इन पांच सालों में क्या परिवर्तन आया, इसे आप से ज्यादा कोई नहीं जान सकता। पिछली बार मैं भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में आया था उस दौरान आपने निर्माण कार्य, आजीविका से जुड़े अधोसंरचना और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की मांग की थी।

# सनातन किसी मजहब का पर्याय नहीं है, इसकी तुलना बीमारी से करना बौखलाहट है

इस तरह के आधारहीन विवादों को उछालने वाले राजनीतिक दल एवं नेता उजालों पर कालिख पोतने का ही प्रयास करते हैं। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक सोच से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट का नतीजा है सनातन धर्म की बीमारी से तुलना करना।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया है। उनकी ही पार्टी डीएमके के सांसद ए राजा ने तो हदें ही लांघ दी है, वे कहते हैं कि हिंदू धर्म 'न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए अभिशाप है।' इन डीएमके नेताओं के बयानों से जब विवाद संभला नहीं तो उन्होंने सफाई दी, लेकिन अपनी बात पर अड़े रह कर उदयनिधि ने कहा कि उन्होंने सनातन धर्म की बुराइयों को खत्म करने की बात कही है, न कि इसे मानने वालों को। जब कोई विवाद खड़ा किया जाता है, तो उसका व्यापक असर होता है, जनभावनाएं आहत एवं लहूलुहान होती है। फिर ऐसी स्थितियों में डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे महापुरुषों को आधार बनाकर अपनी कहीं बातों से किनारा पाने की कुचेष्ठा भी होती है, ये स्थितियां भारतीय राजनीति की विडम्बना एवं विसंगति है। रा जनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है। असल में लोकतांत्रिक समाज में राजनीतिक दलों को हमेशा ऐसे संवेदनशील एवं भावनात्मक मुद्दों की तलाश रहती है, जिससे बड़े पैमाने पर वोटरों को प्रभावित किया जा सके। धार्मिक मुद्दे इस पैमाने पर बिल्कुल ठीक बैठते हैं। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि धार्मिक मुद्दों का हमेशा राजनीतिक फायदा हो ही, कभी-कभी लाभ की जगह नुकसान भी झेलना पड़ जाता है। ताजा सनातन मामला अब न्यायालय में विचाराधीन है, सनातन धर्म को लेकर जारी विवाद के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा है कि सनातन धर्म शाश्वत कर्त्तव्यों का समूह है जिसमें देश के प्रति कर्त्तव्य, राजा का कर्त्तव्य, राजा के जनता के प्रति कर्त्तव्य, माता-पिता और गुरुओं के प्रति कर्त्तव्य और गरीबों की देखभाल और कई अन्य कर्त्तव्य हैं। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जब धर्म को लेकर कोई टिप्पणी की जाती है तो उसमें ध्यान रखना चाहिए कि उससे किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए।



**हम को सब समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने के लिए संकल्प लेकर चलना होगा ताकि उन बुराइयों का उन्मूलन किया जा सके और सामाजिक न्याय का सपना साकार हो सके।**

हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि संविधान में बोलने की आजादी मिली हुई है लेकिन बोलने की आजादी नफरत में नहीं बदलनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता घृणित भाषण नहीं हो सकती। यदि इसे नजरंदाज किया जाता है तो किसी भी बहस की दिशा पटरी से उतर जाएगी और इसके पीछे का उद्देश्य अपना महत्व खो देगा। अभियव्यक्ति की स्वतंत्रता निष्पक्ष और स्वस्थ सार्वजनिक बहसों को प्रोत्साहित करती है तो इससे समाज को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। जो कुछ भी चल रहा है उस पर चिंता व्यक्त करते हुए न्यायालय इस पर अपने विचार व्यक्त करने से खुद को रोक नहीं सकता। सनातन धर्म पर विवाद निरर्थक है। हम को सब समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने के लिए संकल्प लेकर चलना होगा ताकि उन बुराइयों का उन्मूलन किया जा सके और सामाजिक न्याय का सपना साकार हो सके। वोट बैंक के लिए आक्रामक भाषा का इस्तेमाल देश के लिए अच्छा नहीं होता। न्यायमूर्ति शेषशायी ने 15 सितंबर को पारित एक आदेश में लिखा यह न्यायालय सनातन धर्म के समर्थक और विरोधी पर बहुत मुखर और समय-समय पर होने वाली शोर-शराबे वाली बहसों के प्रति सचेत है। इसने मोटे तौर पर सनातन धर्म को 'शाश्वत कर्तव्यों' के एक समूह के रूप में समझा है, और इसे किसी एक विशिष्ट साहित्य से नहीं जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसे कई स्रोतों से इकट्ठा किया जाना चाहिए, जो या तो हिंदू धर्म से संबंधित हैं, या जिन्हें हिंदू जीवन शैली का पालन करने वाले लोग स्वीकार करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो सनातन एक शाश्वत धर्म है, जीवन का सत्य है। विज्ञान भी सनातन सत्य को पकड़ने में अभी तक कामयाब नहीं हुआ है, किन्तु वेदांत में उल्लेखित जिस सनातन सत्य की महिमा का वर्णन किया गया है, विज्ञान भी धीरे-धीरे उससे सहमत होता नजर आता है।

सनातन धर्म के सत्य को जन्म देने वाले अलग-अलग काल में अनेक ऋषि हुए हैं। जिन्होंने सत्य को जैसा देखा, वैसा कहा। सभी ऋषियों की बातों में एकरूपता है। जो इन ऋषियों की बातों को एवं सत्य को समझ नहीं पाते, वही उनमें भेद करते हैं, विवाद करते हैं। असल में भेद एवं विवाद भाषाओं में होता है, अनुवादकों में होता है, संस्कृतियों में होता है, परम्पराओं में होता है, सिद्धान्तों में होता है, राजनीतिक सोच एवं संकीर्णताओं में होता है, लेकिन सत्य में नहीं।

ललित गर्ग


## संपादकीय

### चीन के गायब होते मंत्री!

पहले विदेश मंत्री चिन गांग गायब हुए। आज तक उनका कोई अतापता नहीं है।अब चीन के रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू भी लापता है। दोनों ही मंत्री एक समय राष्ट्रपति शी जिनपिंग के पसंदीदा थे और उनके काफी निकट थे। इन दोनों के मंत्री पद पाने के पीछे के कारण जितने रहस्यमय थे, उनके पतन के कारण भी उतने ही रहस्यमय हैं।स्वभाविक जो मंत्रियों के इस तरह गायब होने की घटनाओं के कारण शी जिनपिंग की राजनीति और उनकी क्षमताओं के लेकर सवाल उठे हैं। पहले चीन के रक्षामंत्री जनरल ली शांगफू पर चर्चा कर ली जाए। वे लगभग तीन हफ्तों से नजर नहीं आए हैं। खबरों में यह दावा किया जा रहा है कि उन के खिलाफ भ्रष्टचार के आरोप में जाँच चल रही है। वे आखिरी बार 29 अगस्त को देखे गए थे जब उन्होंने चीन-अफ्रीका शांति एवं सुरक्षा मंच को संबोधित किया था। उनकी आखिरी विदेश यात्रा अगस्त माह के मध्य में हुई थी जब वे मास्को और मिन्स्क गए थे। इस यात्रा के दौरान एक सम्मेलन में उनकी मुलाकात रूसी अधिकारियों और बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से मुलाकात हुई थी। ली शांगफू के अलावा चिन गांग की नियुक्ति भी मार्च में हुए मंत्रिमंडल के फेरबदल में हुई थी, जिसके बारे में प्रचारित किया गया था कि ऐसा बहुत बारीकी से छानबीन के बाद किया गया। लेकिन इसके कुछ ही महीनों बाद ली शांगफू, चिन गांग के बाद दूसरे ऐसे शीर्ष मंत्री बन गए हैं जो 'गायब' हो गए हैं। शी जिनपिंग सन् 2012 से शासन कर रहे हैं और पिछले साल उन्होंने स्वयं को पांच वर्ष के तीसरे कार्यकाल के लिए पार्टी के महासचिव नियुक्त किया जो चीनी नेताओं द्वारा दस वर्ष के कार्यकाल के बाद सत्ता किसी अन्य व्यक्ति को सौंपने की परंपरा के विपरीत था।

## हाइपरस्पेस- अगर प्रकाश की गति पार हो जाए...आखिर हम उस रफ्तार से यात्रा क्यों नहीं कर सकते?

समय एक रहस्य है। ठीक उसी तरह जैसे अंतरिक्ष। अगर हम यह सोचते हैं कि अंतरिक्ष में केवल पृथ्वी पर ही जीवन है, तो यह अपनी आंखें बंद कर के चलने जैसा होगा। प्रख्यात विज्ञान कथा लेखक इसहाक असिमोव (1920-92) ने अंतरिक्ष के रहस्यों से पर्दा उठाने वाले कई उपन्यास लिखे। ये उपन्यास बेशक उनकी कल्पनाओं पर आधारित थे, लेकिन अब उनके विचार न सिर्फ हॉलीवुड की तमाम साइंस फिक्शन फिल्मों को, बल्कि अंतरिक्ष क्षेत्र में हो रहे प्रयोगों को प्रेरित कर रहे हैं। असिमोव की कहानियों में ढाई करोड़ ग्रहों का उल्लेख है। इन ग्रहों के बीच आवाजाही अंतरिक्ष यानों के जरिये होती है। लेकिन सवाल यह उठता है कि ये अंतरिक्ष यान ग्रहों के बीच की अनंत खाई को पार कैसे करते हैं? असिमोव इस सवाल का जवाब देते हैं। अगर हम सामान्य अंतरिक्ष की बात करें, तो इन ग्रहों के बीच यात्रा अगर प्रकाश की गति से भी करें, तो कई हजार साल लगेंगे। लेकिन, हाइपरस्पेस के द्वारा कोई व्यक्ति हजारों वर्ष की यात्रा को कुछ ही क्षणों में पूरा कर सकता है। क्या है यह हाइपरस्पेस? हाइपरस्पेस दरअसल, एक काल्पनिक क्षेत्र है, जो न आकाश है, न समय, न पदार्थ है, न ऊर्जा, न तो यह 'कुछ' है और न 'कुछ नहीं'। इस हाइपरस्पेस का रहस्य दो क्षणों के बीच के अंतराल में कहीं छिपा होता है। इसे आप अनुभव भी कर सकते हैं। अगर आप ध्यान या मेडिटेशन के अभ्यासी हैं, तो आप दो क्षणों के बीच उस बिंदु का अनुभव कर सकते हैं, जहां समय ठहरा हुआ प्रतीत होता है। आखिर असिमोव किस अंतराल के बारे में बात कर रहे हैं? क्या वह प्रकाश से भी तेज गति से चलने के रहस्य से वाकिफ थे? जहां तक जानकारी की सीमा है, वहां तक प्रकाश से तेज चलना नामुमकिन है। जाहिर है कि दो आकाशगंगाओं के बीच की यात्राओं को वर्तमान ज्ञान के आधार पर करना संभव नहीं है।



*भारतीय योगियों के बारे में कथाएं प्रचलित हैं कि वे समय को पार कर जाते थे। हाइपरस्पेस जैसी कल्पनाएं अगर सच साबित हों, तो सुदूर आकाशगंगाओं तक आसानी से पहुंचा जा सकता है, जहां प्रकाश की गति से पहुंचने में भी हजारों वर्ष लग जाएं। विज्ञान कथाकारों की मानें, तो इसका रहस्य दो क्षणों के बीच के अंतराल में छिपा है।*

ब्रह्मांडीय गति को संभव बनाने के लिए असिमोव जैसे विज्ञान लेखकों ने अपनी कल्पना से हाइपरस्पेस, सबस्पेस, वार्प-ड्राइव्स जैसे जो विचार गढ़े, वे काल्पनिक होते हुए भी इतने आकर्षक हैं, मनुष्य सहसा उन पर यकीन करना चाहता है। आखिर हम प्रकाश की गति से यात्रा क्यों नहीं कर सकते? पहले तो लोग ध्वनि के बारे में भी यही राय रखते थे। लेकिन, अब ध्वनि मनुष्य के लिए कोई बाधा नहीं रह गई है। हालांकि, प्रकाश की बाधा से पार पाना कुछ ज्यादा ही मुश्किल है। जब 19वीं सदी में वैज्ञानिकों ने प्रकाश का सिद्धांत विकसित किया, तब वह एक पहेली के साथ आया। प्रकाश की चाल होती है करीब 186000 मील प्रति सेकेंड। दिलचस्प बात यह है कि अगर आप इस चाल के 99 प्रतिशत चाल से चल रहे हों और आपका कोई दोस्त एकदम स्थिर खड़ा हो, तब भी आप दोनों को ही प्रकाश एक ही चाल से खुद से दूर जाता दिखेगा। इस पहेली को हल करने के बजाय अल्बर्ट आइंस्टीन ने इसे अपना लिया और इसके आधार पर ही एक सिद्धांत बनाया, जिसे विशेष सापेक्षता का सिद्धांत कहते हैं। इस सिद्धांत के अनुसार, प्रकाश की गति सभी के लिए बराबर होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई प्रकाश की तुलना में कितनी गति से चल रहा है। प्रकाश के इस व्यवहार के आधार पर आइंस्टीन ने यह विचार दिया कि जब कोई व्यक्ति ज्यादा गति से यात्रा करेगा और अगर वह अपनी गति लगातार बढ़ाता जाए, तो दिक यानी स्थान और काल, दोनों में ही खिंचाव आएगा।

## मिला जुला

### एक नजर

**बेलेडवेन शहर में आत्मघाती कार बम विस्फोट, बाजार और दो पेट्रोल स्टेशनों को बनाया निशाना; 20 की मौत**



मोगादिशू। सोमालिया में आत्मघाती हमलों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। एक बार फिर सोमालिया धमाकों से दहल उठा है। ताजा मामला रविवार (24 सितंबर) का है, जहां बेलेडवेन शहर में एक आत्मघाती कार बम हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इसमें अधिकांश नागरिक थे। बेलेडवेयने जिला आयुक्त उमर अलासो के अनुसार, एक बाजार और दो पेट्रोल स्टेशनों को निशाना बनाकर यह हमले किए गए। इससे पड़े पैमाने पर विनाश हुआ है। चीन की एक आधिकारिक समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने अलासो के हवाले से बताया कि आत्मघाती बम हमले के पीड़ितों की मदद के लिए सुरक्षा बल और चिकित्सा दल जमीन पर मौजूद हैं। पत्रकारों से बात करते हुए अलासोक ने कहा, 'हम अभी भी आतंकवादी हमले से संबंधित विवरण इकट्ठा कर रहे हैं। हताहतों की संख्या काफी है और हम पीड़ितों को स्थानीय अस्पतालों में ले जा रहे हैं।

## 9 वंदे भारत एक्सप्रेस को पीएम नरेन्द्र मोदी ने दिखाई हरी झंडी

### ऑरेंज कलर की पहली ट्रेन भी हुई लॉन्च



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज एक साथ 9 वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इन सभी ट्रेनों को अलग-अलग रूट्स पर चलाया जाएगा। पीएम मोदी ने रविवार दोपहर इन सभी वंदे भारत ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेनें राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात से होकर गुजरेंगी।

इसके साथ ही ऑरेंज कलर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस कासरगोड-त्रिवेंद्रम रूट पर चलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म x (ट्विटर) पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें लिखा था, 'वंदे भारत नए रंगों में, जल्द ही केरल में आ रही है।'

इन रूट्स पर पर अब तक की सबसे तेज ट्रेनों की तुलना में वंदे भारत ट्रेनें राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम मार्गों पर यात्रा के समय में तीन घंटे की कटौती करेगी। हैदराबाद-बेंगलुरु यात्रा के दौरान ढाई घंटे से ज्यादा समय की बचत होगी। तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई रूट पर दो घंटे का समय बचेगा।

#### ये होंगी नौ नई वंदे भारत ट्रेनें

कासरागोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस (केरल)
जयपुर-उदयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस (राजस्थान)
विजयवाड़ा-रेनीगुंटा-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस (आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु)
तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस (तमिलनाडु)
जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस (गुजरात)
रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (झारखंड और पश्चिम बंगाल)
हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस (तेलंगाना और कर्नाटक)
राउरकेला-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस (ओडिशा)
पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (बिहार और पश्चिम बंगाल)

#### वंदे भारत ट्रेन की खासियत

यह ट्रेन कई आधुनिक सुविधाओं से ट्रेन लैस है। ट्रेन में ऑटोमेटिक दरवाजे लगे हैं साथ ही सभी एसी कोच हैं। इसमें जो चेयर्स है वो 360 डिग्री घूम जाती हैं। यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए ट्रेन पूरी तरह से ऑनबोर्ड वाईफाई की सुविधा से लैस है। हर सीट के नीचे मोबाइल और लैपटॉप चार्ज करने के लिए चार्जिंग पॉइंट्स दिए गए हैं। वंदे भारत ट्रेन में जीपीएस प्रणाली लगी है। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में बायो वैक्यूम शौचालय का निर्माण किया गया है। सुरक्षा के लिए हर डिब्बे में सीसीटीवी लगाए गए हैं। ट्रेन के कुछ डिब्बों में व्हीलचेयर रखने के लिए अलग से स्थान बनाया गया है.

भारतीय रेलवे 25 रूटों पर 50 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चला रहा है। वहीं अब स्लीपर कोच वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संचालन के प्रक्रिया में है।

### मन की बात में बोले पीएम मोदी

## 'कर्तव्य निभाते हुए ही हम अपने लक्ष्यों को पा सकते हैं'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'मन की बात' के 105वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'मन की बात' के एक और एपिसोड में मुझे आप सभी के साथ देश की सफलता को, देशवासियों की सफलता को, उनकी प्रेरणादायक जिंदगी के सफर को आपसे साझा करने का अवसर मिला है।




#### 'चंद्रयान-3 की लैंडिंग और जी20 समिट को लेकर मिले सबसे ज्यादा पत्र'

पीएम मोदी ने कहा कि इन दिनों सबसे ज्यादा पत्र और सन्देश, जो मुझे मिले हैं, वो दो विषयों पर बहुत अधिक है। पहला विषय है, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और दूसरा विषय है दिल्ली में त्र-20 का सफल आयोजन। देश के हर हिस्से, समाज के हर वर्ग से, हर उम्र के लोगों के मुझे अनगिनत पत्र मिले हैं।

#### चंद्रयान-3 की लैंडिंग के दौरान इसरो ने बनाया रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब चंद्रयान-3 का लैंडर चंद्रमा पर उतरने वाला था, तब करोड़ों लोग अलग-अलग माध्यमों के जरिए एक साथ इस घटना के पल-पल के साक्षी बन रहे थे। इसरो के YouTube Live Channel पर 80 लाख से ज्यादा लोगों ने इस घटना को देखा, जो अपने आप में ही एक रिकॉर्ड है। इससे पता चलता है कि चंद्रयान-3 से करोड़ों भारतीयों का कितना गहरा लगाव है।

#### 'चंद्रयान-3 महाक्विज' का जिक्र

मन की बात के 105वें एपिसोड को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने चंद्रयान की सफलता पर चल रहे क्विज कंपटीशन 'चंद्रयान-3 महाक्विज' का भी जिक्र किया उन्होंने बताया कि MY Gov portal पर हो रहे इस कंपटीशन में अब तक 15 लाख से ज्यादा लोग हिस्सा ले चुके हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से क्विज कंपटीशन में भाग लेने की भी अपील की।

#### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

चंद्रयान-3 की सफलता के बाद त्र-20 के शानदार आयोजन ने हर भारतीय की खुशी को दोगुना कर दिया। भारत मंडपम तो अपने आप में एक सेलेब्रिटी की तरह हो गया है 7 लोग उसके साथ सेल्फी खिंचा रहे हैं और गर्व से पोस्ट भी कर रहे हैं।
जब भारत बहुत समृद्ध था, उस जमाने में हमारे देश में और दुनिया में सिल्क रूट की बहुत चर्चा होती थी। ये सिल्करूट व्यापार-कारोबार का बहुत बड़ा माध्यम था। अब आधुनिक जमाने में भारत ने एक और इकोनॉमिक कॉरिडोर जी-20 में सुझाया है। इसका नाम है- इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरिडोर।
ये कॉरिडोर आने वाले सैकड़ों सालों तक विश्व व्यापार का आधार बनने जा रहा है और इतिहास इस बात को हमेशा याद रखेगा कि इस कॉरिडोर का सूत्रपात भारत की धरती पर हुआ था।

## 35 लोगों की मौत- पेट्रोल गोदाम में लगी आग, 35 लोग जिन्दा जले, 10 से ज्यादा गंभीर



**पोर्टो-नोवो।** बेनिन में एक पेट्रोल गोदाम में आग लगने से कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बेनिनीज आंतरिक और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'नाइजीरिया की सीमा के पास एक कस्बे में सुबह करीब साढ़े नौ बजे (0830 जीएमटी) उस समय आग लग गई, जब एक वाहन से पेट्रोल के बैग्स उतारे जा रहे थे।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया है कि आग ने उस जगह को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे शुरुआती तौर पर 35 लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक बच्चा भी शामिल था, और एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,

## चांद पर नहीं जगे तो भी बड़े काम आएंगे विक्रम और प्रज्ञान



**22 सितंबर** की सुबह इसरो के लिए काफी महत्वपूर्ण थी, क्योंकि इस दिन विक्रम और प्रज्ञान रोवर को जगना था, पर ऐसा हो नहीं पाया। इसरो चीफ एस सोमनाथ का कहना है कि विक्रम लैंडर से सिग्नल नहीं मिल पा रहा है। लेकिन, इसरो की टीम 6 अक्टूबर तक अपनी कोशिश जारी रखेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि उम्मीद है कि चांद पर दिन शुरू हो चुका है और 6 अक्टूबर तक वहां सूरज बना रहेगा। अगर विक्रम और प्रज्ञान रोवर नहीं जगे तो भी चिंता की बात नहीं क्योंकि वे फिर भी बड़े काम आने वाले हैं। इसरो के वैज्ञानिकों से समझिए क्यों और कैसे... भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) इस महीने की शुरुआत में चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को सो जाने के बाद उनके साथ संचार बहाल करने की कोशिश कर रहा है।

## एफबीआई ने अमेरिका में खालिस्तानियों को दी थी चेतावनी, कहा था- जान को है खतरा! रहें सतर्क




**खालिस्तानी** आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर उठे विवाद के बाद भारत और कनाडा के बीच रिश्ते ठीक नहीं है. द इंटरसेप्ट की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देशों के बीच बढ़ते राजनयिक गतिरोध के बीच संघीय जांच ब्यूरो के एजेंटों ने अमेरिका में खालिस्तानी तत्वों से मुलाकात की और उन्हें चेतावनी दी थी कि उनकी जान को खतरा हो सकता है. अमेरिकन सिख कॉकस कमेटी के समन्वयक प्रीतपाल सिंह ने द इंटरसेप्ट को बताया कि निज्जर की हत्या के बाद उन्हें और कैलिफोर्निया में दो अन्य सिख अमेरिकियों को FBI ने कॉल की और मुलाकातें की.

# पत्थलगांव को जिला बनाने की मांग को लेकर ईसाई आदिवासी महासभा के बैनर तले विशाल जनसमूह के साथ रैली निकाली

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

बीते कई दशकों से पत्थलगांव जिला बनाने की मांग को लेकर हर वर्ग,समुदाय के लोगों द्वारा अपनी अपनी आवाज लगातार बुलंद की जाती रही है। विदित हो कि अविभाजित मध्यप्रदेश के वक्त से ही लोगों द्वारा अभियान,धरना,आंदोलन का रुख अपनाया जा चुका है। मगर आजतलक पत्थलगांव को जिला बनाने की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी ना होना या यूं कहें कि पत्थलगांव को जिला नहीं बन पाने से यहां के विकास में चार चांद नहीं लग पा रहा।



पूर्व में भी कई बार पत्थलगांव को जिला बनाओ की मांग को लेकर लोग सड़कों में उतर चुके है। वहीं अब पत्थलगांव को जिला बनाने की मांग को लेकर सड़कों में भारी संख्या में नारों के साथ रविवार को ईसाई आदिवासी महासभा के बैनर तले शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल ग्राउंड से विशाल जनसमूह के साथ रैली निकाली गई। जिसमे सैंकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान रैली में लोगों के हाथों में श्पत्थलगांव को जिला बनाओ समेत अन्य तख्तियों के माध्यम से सड़कों में नारे गूंज रहे थे। वहीं रैली को लेकर पत्थलगांव पुलिस प्रशासन समेत जिले के अन्य क्षेत्रों से पहुंची पुलिस ने यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चप्पे-चप्पे पर तैनात रही।

ज्ञात हो कि राजनीतिक दलों की ओर से पत्थलगांव जिला बनाने को लेकर अब तक कोई खास पहल नहीं हो पाई है। विगत कई वर्षों से लोग पत्थलगांव को जिला बनाने को लेकर अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं। मगर चुनाव सामने आते ही जिला बनाने के नाम पर पत्थलगांव को ठगा जाता रहा है। दर असल पत्थलगांव के जिला बनने से यहां विकास की गति तेज होगी जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा,स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधा से लोगों को वंचित नहीं होना पड़ेगा। पत्थलगांव जिला बनाए जाने पर यह व्यावसायिक व आर्थिक दृष्टि से विकसित जिला बन सकता है। इस दौरान ईसाई आदिवासी महासभा प्रदेश विधिक सलाहकार स्मृति खलखो ने कहा है कि आए दिनों लोग अपने सरकारी कार्यों संबंधित दस्तावेजों के काम से पत्थलगांव से 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित जिला मुख्यालय जशपुर में जाकर अपने कार्यों को पूर्ण कराते हैं वहीं पत्थलगांव से करीब 100 किलोमीटर दूर रायगढ़ एवं 100 किलोमीटर की दूरी पर अंबिकापुर जिला है। जिससे विषम परिस्थितियों में भी समय और रुपयों के खर्च होने से लोगों को मानसिक और शारीरिक परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद पत्थलगांव वासी चीख चीख कर कह रहे है कि जिले की सौगात कब मिलेगी। उनका कहना है कि बीते कई दशकों से क्षेत्रवासी अब अपनी मांग पूर्ण नहीं होने पर स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार ने इन बातों पर अमल नहीं किया वहीं अब 2018 के विधानसभा चुनाव के बाद से अब तक पत्थलगांव को जिला बनाने को लेकर कोई विशेष पहल नहीं होना क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी विडंबना है। उन्होंने कहा है कि जो पत्थलगांव का विकास करेगा और पत्थलगांव को जिला बनाएगा वही विधायक राज करेगा। पूर्व में भी सरकारी माध्यम से कई बार पत्थलगांव को जिला बनाए जाने के संकेत दिए जाते रहे हैं। वहीं अब तक पत्थलगांव को जिला नहीं बनाए जाने से लोग उपेक्षित महसूस कर रहे है। इस दौरान ईसाई आदिवासी महासभा पत्थलगांव ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र तिर्की समेत अन्य पदाधिकारीयों ने एसडीएम व तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में उल्लेख है कि उदयपुर क्षेत्र के जनता की मांग लम्बे समय से पत्थलगांव को जिला बनाने की रही है, जो आज पर्यन्त तक अपूर्ण है। पत्थलगांव को जिला बनाने की मांग का प्रमुख कारण यह है किए पत्थलगांव क्षेत्र का मुख्यालय से जशपुर अम्बिकापुर और रायगढ़ लगभग सौ किलोमीटर की दूरी है। और साथ ही बदहाल सड़कों की स्थिति के कारण क्षेत्र की जनता को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पत्थलगांव क्षेत्र से हमारा तात्पर्य पुराना उदयपुर क्षेत्र से है। पुराना उदयपुर को मिलाकर जिला बनाया जाए। जिसमें निम्न विकासखण्ड शामिल होना है। पत्थलगांव कांसबेल, बागबहार लैलूंगा, धरमजयगढ़ और सीतापुर आदि। वहीं ज्ञापन के माध्यम से ईसाई आदिवासी महासभा ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि मुख्यमंत्री से सादर निवेदन है कि, पत्थलगांव को जिला बनाने की बहुप्रतीक्षित जनता की मांग को तत्काल पूरा करने की कृपा करें।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने किया आदिवासी विश्राम भवन का लोकार्पण

क्षेत्र के आदिवासियों को मिलेगा विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम करने में सुविधा

**कोंडागांव।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज कोंडागांव में आदिवासी विश्राम भवन का लोकार्पण किया। इस आदिवासी विश्राम भवन बनने से क्षेत्र के आदिवासियों को विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम करने में सुविधा मिलेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह भवन छत्तीसगढ़ का सबसे सुंदर भवन बना है। आदिवासी विश्राम गृह भवन आदिवासी बाहुल्य जिले के मुख्यालय में कोंडागांव में 02 करोड़ रुपए की लागत से सर्व सुविधायुक्त विश्रामगृह भवन का निर्माण किया गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे तथा शहर के बीचोंबीच स्थित इस विश्रामगृह भवन में विशाल सभा कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष, ठहरने के लिए कमरे, पदाधिकारियों के लिए कक्ष, सभाकक्ष, रसोईघर, शौचालय इत्यादि सुविधाओं के साथ ही 13 दुकानों का निर्माण भी किया गया है। दो मंजिला यह विश्राम भवन विभिन्न अवसरों पर आयोजनों के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा। कोंडागांव जिले में 54 समाजों को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 09 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर आबकारी, वाणिज्यिक, उद्योग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा, छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं केशकाल विधायक श्री संतराम नेताम, अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग विभाग मंत्री श्री मोहन मरकाम, बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री दीपक बैज,जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष बंगाराम सोड़ी, गोंडवाना समाज के अध्यक्ष बुधसिंह नेताम, आदिवासी समाज के विभिन्न पदाधिकारी, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक वाई अक्षय कुमार सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## वंदना त्रिवेदी द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा में अनुवादित रामचरितमानस का विमोचन



बालोद। पहली बार छत्तीसगढ़ी भाषा में रामचरितमानस का अनुवाद भानुप्रतापपुर की वन्दना त्रिवेदी के द्वारा किया गया है। इसका रायपुर स्थित होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में विमोचन संस्कृति मंत्री शिव डहरिया के हाथों किया गया।

इस अवसर पर मंत्री डहरिया ने कहा कि आज तक छत्तीसगढ़ी भाषा मे किसी ने रामचरितमानस का अनुवाद नही किया था। इस पूरे कार्यक्र्म का आयोजन छत्तीसगढ राज भाषा आयोग के द्वारा किया गया। वंदना त्रिवेदी बालोद जिले में पदस्थ डीएमसी अनुराग त्रिवेदी की पत्नी हैं।

### अयोध्या दर्शन के दौरान मिली प्रेरणा

रामचरितमानस का छत्तीसगढ़ी भाषा में अनुवाद करने वाली वंदना त्रिवेदी का कहना है कि कुछ साल पहले उनके पति अनुराग त्रिवेदी के साथ वह अयोध्या गई थी, तब उनके मन में यह ख्याल आया। ससुर स्वर्गीय करुणा शंकर त्रिवेदी व सास स्वर्गीय मिथिलेश त्रिवेदी द्वारा बताई गई रामचरितमानस की महत्ता उसके दिलों दिमाग में पहले से ही थी। इसके बाद 1918 में दूसरी बार अर्ध कुंभ मेला में जाने का मौका मिला और तब उन्होंने पूरी तरह से तय कर लिया था कि यह काम वह कर के ही रहेगी। वहां उन्होंने अनेक आध्यात्मिक पुस्तकें खरीदी और उसके बाद 22 दिसंबर 2018 को अनुवाद करना प्रारंभ किया जो अब जाकर पूरा हुआ है। इस काम में उसके बड़े भाई आनंद विजय दुबे का भी विशेष सहयोग रहा जिन्होंने कागज पेन की बजाय कंप्यूटर में लिखने की प्रेरणा दी।

महिला अपराध के खिलाफ आप का जिलावार प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

## आप के आह्वान पर कल जिला कमेटियां करेंगी प्रदेश के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन

रायपुर। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के निर्देश पर जिला आप कमेटियां बढ़ते महिला अपराध के खिलाफ 25 सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश दर्ज कराएंगी।

महिलाओं की सुरक्षा प्रदेश की सबसे बड़ी चुनौती- आप

महिला सुरक्षा के मुद्दे पर बीजेपी-कांग्रेस असंवेदनशील- आप

एएसपी दफ्तर के पार्किंग में हुई दरिंदगी, ग्रामीण अंचलों की महिलाएं कैसे रहेंगी महफूज- आप

आम आदमी पार्टी द्वारा जारी बयान के मुताबिक प्रदेश कार्यसमिति ने सूबे में महिलाओं के विरूद्ध बढ़ते अत्याचार के मुद्दे पर जिला आप कमेटियों को सरकार और प्रशासन के खिलाफ प्रदेशभर में जिलावार प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ कार्यसमिति ने प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। प्रदेश की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार बुरी तरह विफल रही है। अनुसूचित जाति-जनजाति महिलाओं की बद्तर स्थिति तो है ही इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा के तमाम तंत्रों के बीच रहने वाली अन्य महिलाओं के साथ भी दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं कांग्रेस के शासनकाल में लगातार बढ़ी हैं।

*आप ने कहा कि बीजेपी-कांग्रेस दोनों ही महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं। चुनावी साल में महिलाओं के लिए केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल लाकर अपनी पीठ थपथपा रही है वहीं, छत्तीसगढ़ सरकार तमाम फौरी दावे कर साबित करने में जुटी हुई है कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ क्राइम रेट घट रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत जगजाहिर है। VVIPÓs के दौरों के लिए चौकस सुरक्षा व्यवस्था के बीच नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े के अनुसार छत्तीसगढ़ में हर दिन रेप की तीन घटनाएं होती हैं। जबकि इससे कई गुना ज्यादा केसेस रिकॉर्ड में दर्ज ही नहीं होते हैं। साथ ही आप ने प्रदेश सरकार को आगाह करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर यदि जल्द ही कोई ठोस पहल नहीं की गई तो पार्टी प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन को बाध्य होगी।*

## 30 सितम्बर तक पूरा करें शहर की सड़कों की मरम्मत का कामः डॉ. भूरे




**रायपुर** । शहर की सड़कों की दुरूस्ती के लिए कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने कहा है कि नागरिक सुविधाओं को देखते हुए सड़कों के मरम्मत का कार्य एक सप्ताह के भीतर हो जाना चाहिए। इसमें युद्ध स्तर पर कार्य करें। साथ ही नागरिक सुविधाओं से जुड़े हुए सभी कार्यों के लिए जोन कमिश्नर सुबह वार्डों में भ्रमण करें। लोगों की समस्या सुने और अविलंब उनका समाधान करें। यह निर्देश उन्होंने रेडक्रास सभाकक्ष में हुई बैठक में दिये। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डों की सड़कों में जो गड्ढे है उनकी तत्काल मरम्मत कराएं और पेच वर्क करें। डॉ. भुरे ने शहर के विभिन्न सड़कों में 30 सितम्बर तक सुधार करने के लिए सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी जोन कमिश्नर उनके अंतर्गत आने वाले वार्डों की सड़कों का स्वयं निरीक्षण करें। गणेश विसर्जन के समय जिन-जिन रास्तों से गणेश की झांकियां निकलेगी उन रास्तों को अनिवार्य रूप से सुधार करें ताकि झांकी निकलने के दौरान समितियों को परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि जिन तालाबों तथा नदियों में गणेश विसर्जन होना है उनकी तथा उनमें कुंड की साफ-सफाई कराएं तथा विसर्जन के लिए अन्य संसाधन सहित सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। साथ ही शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थित तालाबों की साफ-सुथरा रखें। डॉ. भुरे ने कहा कि शहर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। प्रतिदिन साफ-सफाई व्यवस्था की निगरानी करें। चौक-चौराहे में साफ-सुथरा रखे। पानी कचरा इत्यादि का जमाव ना हाने दे। उन्होंने कहा कि खराब स्ट्रीट लाईट की मरम्मत करें।

## मुख्यमंत्री ने किया आदिवासी विश्राम भवन का लोकार्पण

क्षेत्र के आदिवासियों को मिलेगा विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम करने में सुविधा




**कोंडागांव।** -24 सितंबर 2023/ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज कोंडागांव में आदिवासी विश्राम भवन का लोकार्पण किया। इस आदिवासी विश्राम भवन बनने से क्षेत्र के आदिवासियों को विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम करने में सुविधा मिलेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह भवन छत्तीसगढ़ का सबसे सुंदर भवन बना है

आदिवासी विश्राम गृह भवन

आदिवासी बाहुल्य जिले के मुख्यालय में कोंडागांव में 02 करोड़ रुपए की लागत से सर्व सुविधायुक्त विश्रामगृह भवन का निर्माण किया गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे तथा शहर के बीचोंबीच स्थित इस विश्रामगृह भवन में विशाल सभा कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष, ठहरने के लिए कमरे, पदाधिकारियों के लिए कक्ष, सभाकक्ष, रसोईघर, शौचालय इत्यादि सुविधाओं के साथ ही 13 दुकानों का निर्माण भी किया गया है। दो मंजिला यह विश्राम भवन विभिन्न अवसरों पर आयोजनों के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा। कोंडागांव जिले में 54 समाजों को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 09 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर आबकारी, वाणिज्यिक, उद्योग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा, छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं केशकाल विधायक श्री संतराम नेताम, अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग विभाग मंत्री श्री मोहन मरकाम, बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री दीपक बैज,जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष बंगाराम सोड़ी, गोंडवाना समाज के अध्यक्ष बुधसिंह नेताम, आदिवासी समाज के विभिन्न पदाधिकारी, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक वाई अक्षय कुमार सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद थे।






## कोयनार के लोगों ने कहा जीवन कठिन है बस्तर बेटा ने कहा मैं हमेशा साथ हूं

नवनीत चांद पहुंचे दरभा ब्लॉक के कोयनार पंचायत लगाया जन चौपाल

जगदलपुर। बस्तर बेटा मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस जे के नेता नवनीत चांद आज दरभा ब्लॉक के कोयनार पंचायत पहुंचे जहां जहां ग्राम वासियों ने उनका आदमी स्वागत किया पश्चात ग्राम पंचायत की समस्यायों को लेकर जन चौपाल लगा कर ग्रामीण आदिवासियों से चर्चा की ग्रामीणों ने भी अपनी बातों को सामने रखा।



बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे कोयनार के ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बिजली जैसे समस्या के साथ जीवन कठिन है। श्री नवनीत चांद ने कहा कि भाजपा के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के वर्तमान विधायक द्वारा अपने कार्यकाल में झूठे वादे किए गए बस्तर के गांव-गांव में समस्या सड़क की पेयजल की रोशनी की बनी हुई है शिक्षा की व्यवस्था दुरुस्त नहीं है अब ऐसे में कैसे विकास होगा उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक के पास पहले भी मुद्दा नहीं था अभी भी वह केवल केंद्र सरकार की योजना गिनाते रहते है । कांग्रेस के विधायक जमीन पर नहीं है।



श्री चांद ने कहा कि न्याय के साथ अधिकारो के लिए बस्तर बेटा आप सबके साथ है बस्तर के साथ है मैं बिना आराम का आप सबके बीच रहता हूं और अपने हिसाब से जितना हो सकता है आप लोगों की समस्याओं को दूर करने की कोशिश करता हूं मैं हमेशा हर वक्त आप लोगों के साथ हूं अब आप लोगों को जागरुक होकर खड़ा होना है और अपना अधिकार प्राप्त करना है इस अवसर पर. रामू नाग,संतोष सिंह,चेतन बघेल आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व ग्राम वाशी उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार एक लॉलीपॉप की चूसी हुई आखिरी चॉकलेट पकड़ना चाहती है :जोगेश लांबा

36 वादों में एक भी वादे पूरे नहीं, झूठ बोलकर सरकार बनाई, अबकी बार कांग्रेस सरकार को जनता सबक सिखाएगी - लखन देवांगन

जोहार छत्तीसगढ़ - कोरबा।

शहर में इन दिनों पट्टा वितरण को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने कहा है कि झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में रहने वाले सभी हितग्राहियों को स्थायी पट्टा दिया जाए।




वर्तमान में कांग्रेस द्वारा पट्टा वितरण का ढिंढोरा पिटा जा रहा है उसमें अनेक पेच है। हालांकि भाजपा के आंदोलन के बाद ऐसा किया जा रहा है। भाजपा नेता जोगेश लांबा ने कहा कि पट्टा में खसरा, बटांकन के साथ चौहद्दी देने की भी व्यवस्था की जाए।

तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने कहा कि शासन ने लोगों को पट्टा देने का निर्णय लिया है वह स्वागतेय है लेकिन इसमें अनेक पेच है। खासकर सभी पात्र हितग्राहियों को स्थायी पट्टा मिले इसकी व्यवस्था की जाए। वर्तमान में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा यह ढिंढोरा पीटा जा रहा है कि हजारों लोगों को पट्टा मिलेगा लेकिन जो जानकारी सामने आ रही है उसके अनुसार इसमें अनेक पेच है। महज 600 स्क्वायर फीट जमीन एक हितग्राही को देने की बात कही जा रही है जबकि अनेक लोग इससे अधिक जमीन पर काबिज है, ऐसे में क्या इनके द्वारा अधिग्रहित की गई जमीन पर बने मकानों को तोड़ दिया जाएगा। इसी तरह कितने पात्र लोग है इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। इसके लिए नए सिरे से सर्वे कराने की जरूरत है। भारतीय जनता पार्टी के दबाव में पट्टा की यह प्रक्रिया सरकार द्वारा की जा रही है दो 400 पट्टा वितरण होते-होते आचार संहिता लग जाएगी फिर चुनाव के बाद इनके द्वारा पट्टा वितरण की बात कही जाएगी जो एक चुनावी फंडा है, अगर पट्टा वितरण का कार्य करना ही था तो 5 साल मे क्यों नहीं किया गया, झूठ और 36 वादे कर प्रदेश में सरकार बनाई जिसमें से एक भी वादे पूरे नहीं हुए, जनता जान चुकी है और अबकी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी कांग्रेस की जहां-जहां सरकार बनी है वहां-वहां भ्रष्टाचार हुआ है, कोयला से लेकर सभी कार्यों में भ्रष्टाचार किया गया झूठ बोलकर सरकार बनाई जनता का कोई कार्य किया नहीं इस बार छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी

पूर्व महापौर जोगेश लांबा ने कहा कि शासकीय कर्मियों को इससे वंचित रखा गया है। यह काफी अनुचित है। इसी तरह पट्टे में खसरा क्रमांक, बटांकन व चौहद्दी की भी व्यवस्था हो ताकि लोगों को विधिवत शासकीय भूमि का हक मिल सके। खासकर बी-1 खसरा नंबर नहीं होने की वजह से इस जमीन का महत्व नहीं रह जाएगा। इसके अलावा इसमें अनेक पेच है जिसे स्पष्ट करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि यह सरकार एक लॉलीपॉप की चूची हुई आखिरी चॉकलेट पकड़ना चाहती है पूरी चॉकलेट भी नहीं यह एक चुनावी सकूफा है, सरकार की पट्टा नीति पर भारतीय जनता पार्टी को तो कतई भरोसा नहीं है पट्टा वितरण में कई प्रकार के पेच हैं जब यह सब प्रक्रिया चलेगी तो आम आदमी को बहुत दुख होगा ।

नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि निगम क्षेत्र में पट्टे को लेकर शासन द्वारा कब सर्वे कराया गया इसकी जानकारी किसी भी पार्षद को नहीं है। ऐसे में कांग्रेसी फर्जी बातें कर रहे हैं जबकि इसे सार्वजनिक तौर पर किया जाना चाहिए था।

पत्रवार्ता के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल मोदी, देवेन्द्र पाण्डेय, नवीन पटेल, लक्ष्मण श्रीवास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### इन जगहों को लेकर संशय

पट्टा वितरण को लेकर प्रथम दृष्टया जो जानकारी सामने आ रही है उसके अनुसार एसईसीएल की जमीन में निवासरत लगभग ढाई हजार लोगों को पट्टा दिया जाना है। इसी तरह बुधवारी बाजार के कुछ हितग्राही इससे लाभान्वित होंगे। जबकि एनटीपीसी, बालको, सिंचाई विभाग, सीएसईबी पूर्व के कांशीनगर, पथर्रीपारा, पश्चिम क्षेत्र में स्थित सीएसईबी की जमीन पर काबिज लोगों को पट्टा मिल पाएगा इसे लेकर संशय है क्योंकि प्रशासन द्वारा जो जानकारी दी गई है उसके अनुसार इन जगहों की जमीन को नजूल विभाग में हस्तांतरण किए जाने को लेकर अधिकारीगण विभाग के प्रमुखों से अभी चर्चा करेंगे। ऐसे में समझा जा सकता है कि यहां की जमीन को लेकर पेच फंसा हुआ है।

## एक नजर

## सुपर इलेक्शन क्विज में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले ने जीता प्रथम व द्वितीय पुरस्कार

* प्रथम विजेता चूड़ामणि गोस्वामी और द्वितीय विजेता डॉ. स्निग्धा तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।







मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा निर्वाचन नियमावली की ज्ञान रखने वाले सभी जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों, नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित सुपर इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले ने प्रथम व द्वितीय पुरस्कार जीता है। 15 सितंबर 2023 को आयोजित इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी ने प्रथम विजेता और एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी ने द्वितीय विजेता घोषित हुए हैं। सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तखतपुर शशांक शेखर शुक्ला तृतीय विजेता हैं।

## ग्राम पंचायत पैरी को मिलेगा उत्कृष्ट पंचायत का सम्मान

**बालोद।** जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पैरी को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत उत्कृष्ट ग्राम पंचायत का पुरस्कार दिया जाएगा। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायतों को 25 सितम्बर को मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा बिलासपुर जिले में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय भव्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम एसडीआरएफ ग्राउण्ड, ग्राम पंचायत परसदा विकासखण्ड तखतपुर जिला बिलासपुर में होगा। यह पुरस्कार लेने ग्राम पंचायत पैरी के सरपंच रूपम देशमुख व सचिव सोमवार को बिलासपुर जाएंगे।

## ग्राम पंचायत कमेला के स्कूली बच्चों ने रैली निकाल कर ,किया लोगों को जागरूक

**कोंडागांव।** विकासखंड कोंडागाव अंतर्गत संकुल केंद्र कमेला के शिक्षकों द्वारा बैगलेश डे के अंतर्गत बच्चों के द्वारा रैली निकाल कर स्वछता, नशामुक्ति,साक्षरता, का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चे नारा लगाकर गांव के लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया। इस रैली मे प्राथमिक शाला कमेला, प्राथमिक शाला नया पारा व उच्च प्राथमिक शाला कमेला के बच्चे व समस्त शिक्षक शामिल हुए। इस कार्यक्रम मे संकुल समंवयक् श्री गौतम राम पांडे, संकुल प्राचार्य श्री होरी लाल चंद्रवंशी, श्री मदन कोर्राम, श्री टिकेश्व साहू, श्री सुरिज राम पोयाम, तुलसी भोई, श्री अविनाश बनर्जी, श्री नरेश पांडे, टोनिका बैध सहित समस्त शिक्षक स्टाफ् व ग्रामीण श्री कौशिक पांडे अध्यक्ष शाला विकास समिति, श्री मोती लाल पांडे, दुनिया,योगेंद्र, रितेश , सखा , बुधराम,जगत, सुरेश, टिकेश्वर, अलेख, जगतारण, दीनदयाल, फड़िंद्र,सोमेश्वर ,होमिता , मिलन , आदि उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में हिस्सा लेंगे जिले के 32 खिलाड़ी

कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

**रायगढ़** । छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 25 से 27 सितम्बर को रायपुर में होगा। जिसमें रायगढ़ जिले के संभाग स्तरीय खेल में विजयी 32 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिनमें 23 महिला एवं 9 पुरूष शामिल है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले के विजयी हुये सभी खिलाड़ी को आगामी राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में भाग लेने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है स्व.बी.आर.यादव राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला-बिलासपुर में संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 19 एवं 21 सितम्बर को आयोजित हुआ था। जिसमें जिले से कुल 16 खेलों के लिए 190 पुरूष, 184 महिला एवं 20 ऑफिसियल्स सहित कुल 394 सदस्यीय दल हिस्सा लिये थे। जिसमें विभिन्न खेलों एवं आयु वर्ग के 32 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के लिए चयन हुआ है।

### राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले के ये 32 खिलाड़ी होंगे शामिल

संभाग स्तरीय स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में शामिल होकर अपना बेहतरीन खेल प्रदर्शन से इन खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विभिन्न खेलों में अपनी जगह बनायी है। जिसमें पुरूष कुश्ती में जतीन शर्मा एवं जामवंत, कुश्ती महिला में उत्तराबाई सिदार शामिल है। इसी तरह संकली खेल पुरूष वर्ग में विपिन खेम्स, अनमोल लकड़ा, नासरीत खेम्स, जॉन पाल खेम्स, प्रकीत एक्का, अर्पण टोप्पो, प्रतीक लकड़ा, संकली खेल महिला वर्ग में प्रेमलता निषाद, महिमा सरल, रंजू सिदार, निरूपा सिदार, ललिता निषाद, प्रिया सरल, महिमा यादव, रस्साकसी महिला में सपना भगत, नीलम राठिया, आरती भगत, कांति भगत, लीलिमा तिर्की, अनमोल भगत, गायत्री सिदार, निकिता सिंह, सुप्रभा पैकरा, बांटी प्रतियोगिता महिला में धनकंवर, उषा बाई, सुलोचना, कांति, लम्बी कूद महिला में ज्योति सिंह तथा बिल्लस में धनमती भगत शामिल है।

## जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।




जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के क्रम में इस वर्ष का भव्य आयोजन बेरला में किया गया।अवधेश चंदेल द्वारा बेमेतरा जिला के सेवनिवृत्त 69 शिक्षकों का सम्मान किया गया।ये सभी शिक्षक इस वर्ष के भीतर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए है। इनके अलावा जिले के पूर्व में सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवम आयोजन पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिवाकर मुक्तिबोध पूर्व सम्पादक दैनिक भाष्कर एवम नवभारत, कार्यक्रम की अध्यक्षता गीत,गजल,एवम वरिष्ठ व्यंगकार रामेश्वर वैष्णव,विशिष्ट आतिथ्य युगल किशोर तिवारी सेवानिवृत्त प्राचार्य शिक्षाविद,पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजेन्द्र शर्मा एवम पेसनर समाज के जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद तिवारी रहे। आयोजन का प्रारम्भ करते हुए संयोजक अवधेश सिंह चंदेल ने शिक्षकों को समाज का निर्माता कहते हुए उनका स्वागत करते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन का स्मरण किया,प्रतिवर्ष जिले के शिक्षकों के सम्मान करने को अपना सौभाग्य बताया। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा द्वारा सम्बोधित करते हुए सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों का अभिनंदन किया। वरिष्ठ सम्पादक दिवाकर मुक्तिबोध एवम युगल किशोर तिवारी द्वारा सम्बोधित किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ कवि गजलकार एवम व्यंगकार रामेश्वर वैष्णव द्वारा अपने गीत गजल एवम छत्तीसगढ़ी फिल्मी गीतों के द्वारा मंत्रमुग्ध कर दिया अंत मे उन्होंने ट्रेन के भिखारी बाबूलाल के लिए लिखे गए अपनी प्रसिद्ध रचना बने करे राम मोला अंधरा बनाये,से कार्यक्रम को गीतमय कर दिया। समस्त अतिथियों ने कार्यक्रम के संयोजक अवधेश सिंह चंदेल की शिक्षकों को सम्मान देने के लिए सराहना किया। कार्यक्रम में ग्राम लावतरा कक्षा 8वी के छात्र तामरज धीवर जिन्होंने इस वर्ष गणेश की 125 से अधिक मूर्तियों का निर्माण किया उनका सम्मान किया गया। साथ ही डॉ. प्रितिबाला ताम्रकर एवम डॉ.गायत्री सिन्हा को पीएचडी करने पर सम्मानित किया गया। पूर्व विकासखंड शिक्षाधिकारी बेरला निर्भय लाल रावटे जी का सेवानिवृत्ति पर सम्मान एवम विदाई प्रदान किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों में गंगा सागर सिंह ठाकुर,तारकेश्वर देवांगन,कनक लाल देशलहरे,महराजदिन धीवर,केशो राम वर्मा,पंच लाल पारधी,चंद्रभान बंजारे,सन्तराम बंजारे जगत राम वर्मा,ष्ट्रीहं धुर्वे,बजरंग साहू,दिलेश्वर पांडे, नेमसिंह मरकाम,लालाराम धृतलहरे,जयप्रकाश वर्मा, नरोत्तम पारकर, रिपुसूदन शर्मा सहित 200 सेवनिवित्त शिक्षक,एवम बेमेतरा,

बेरला नवागढ़ एवम साजा से शिक्षा विभाग के अधिकारी गण सहित लगभग 200 शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी,मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल,यशवंत वर्मा,छोटू साहू,प्रह्लाद रजक,ललिता साहू,राहुल टिकरिहा, पुष्पा साहू,भुनेश्वरी वर्मा,पोषण वर्मा,डोमेन्द्र राजपूत,आशीष सोनी,बलराम यादव,संतोष साहू,मानक चतुर्वेदी,दीपेश साहू,विजय सिन्हा सैकड़ों की संख्या में गुरुजन जनप्रतिनिधिगण वरिष्ठ नेता समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सैकड़ों की संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम मेले तथा क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**रायगढ़** । राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला के निर्देशन में स्थानीय ललित पाठशाला में विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेले तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड के 38 संकुलों से आए हुए संकुल स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में क्लब क्लस्टर में आयोजित प्रतियोगिता के तहत कुल 12 संकुल केंद्रो ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता कबाड़ सामग्री से विभिन्न प्रकार के मॉडल के निर्माण से संबंधित थी। प्रतियोगिता प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिए आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में बच्चों और शिक्षकों के द्वारा विज्ञान तथा गणित विषय पर उनके प्रभावी तथा सरल तरीके से प्रदर्शन हेतु मॉडल तैयार किए गए थे। इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिए पृथक-पृथक किया गया। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन दो चक्र में किया गया। टीएम मेले में प्रथम स्थान प्राथमिक शाला कुर्मापाली संकुल केंद्र तारापुर के बच्चों के द्वारा निर्मित मॉडल को प्राप्त हुआ तथा द्वितीय स्थान प्राथमिक शाला भद्रापाली के बच्चों के द्वारा निर्मित मॉडल को प्रदान किया गया। माध्यमिक शाला में टीएल एम हेतु प्रथम स्थान माध्यमिक शाला रामभांठा के बच्चों के द्वारा निर्मित मॉडल को तथा द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला कोडतराई के बच्चों के द्वारा निर्मित मॉडल को प्रदान किया गया। क्विज प्रतियोगिता में माध्यमिक खंड से प्रथम स्थान माध्यमिक शाला बालमगोडा संकुल केंद्र कोटरा के छात्र से भावेश यादव एवं श्री शुभम श्रीवास ने समस्त प्रतिभागियों को पराजित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कुमारी सौम्या तथा कुमारी पूनम माध्यमिक शाला गेरवानी के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक खंड के बीच क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राथमिक शाला अमापाल तथा दनौट तथा द्वितीय स्थान प्राथमिक शाला पटेलपाली एवं बालमगोड़ा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बीआरसी श्री मनोज अग्रवाल के द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया की नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें से विज्ञान एवं गणित प्रतियोगिताएं बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के लिए आयोजित की गई है।

कार्यक्रम डीएमसी श्री नरेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री जी.आर जाटवार, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री डीपी पटेल की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का संचालन में श्री राजकमल पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री विकास पटेल, सौरभ पटेल ईश्वर पटेल, रविन्द्र पटेल, चंद्र प्रकाश पंडा, सीएससी श्री रामेश्वर चौहान, सुशील चौहान विकासखंड के समस्त सीएससी तथा संकुल केंद्र से आए हुए विभिन्न शिक्षक-शिक्षिकाएं प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला ललित पाठशाला के समस्त स्टाफ , श्री दीपक रात्रे, इंदुलता यादव, छंदनू राम उपस्थित रहे।

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा रविवार को सक्ति विधानसभा के बाराद्वार पहुंची, गरजें केन्द्रीय मंत्री

जोहार छत्तीसगढ़ - सक्ति ।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा दिनांक 24 सितंबर को सक्ती जिले के सक्ति विधानसभा के बाराद्वार पहुंची। परिवर्तन यात्रा का भाजपा द्वारा हजारों की संख्या में उत्साह पूर्वक से स्वागत किया गया किया।





परिवर्तन यात्रा बाराद्वार पहुंची और विशाल आम सभा को मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री आर पी सिंह द्वारा संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही प्रदेश सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। कहा कि, इस सरकार के दांत खाने के और हैं, दिखाने के और हैं। कांग्रेस सरकार ने जो वादे किए उसमें कुछ भी पूरे नहीं हुए। इतना ही नहीं केंद्र जो काम कर रही है उसे भी रोका जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 12 लाख लोगों को आवास से वंचित किया गया। केंद्र सरकार जिन्हें घर देना चाहती है उसे यहां की सरकार कागज नहीं पहुंचाकर रोक रही है।

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांगेस पार्टी ने 5 साल में सिर्फ छलावा किया। मैं किसान भाइयों से पूछना चाहता हूं भूमिहीन लोगों को जमीन देने का वादा किया उनको जमीन मिल गई क्या। भूपेश बघेल के दिखाने के दांत और खाने के और हैं। खाने के लिए भ्रष्टाचार और दिखाने के लिए नौजवानों को भत्ता, महिलाओं को सिलेंडर देने की बात करते हैं।

भाजपा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस राज मे छत्तीसगढ़ बेरोजगारी में नंबर एक पर ,अपराध ने नंबर वन एक , वादाखिलाफी में नंबर एक है मोदी जी का भेजा अन्न भी कांग्रेसी खा गए इंसान तो इंसान गाय के गोबर का पैसा भी खा गए। ऐसी सरकार को छत्तीसगढ़ के हित के लिए हटाना ही होगा।

इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल विधायक, एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मारकंडे, सांसद गुहाराम अजगल्ले जी, बृजमोहन अग्रवाल ,जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, कार्यक्रम प्रभारी पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू , प्रीतम गबेल, गुरु पाल भल्ला, जिला उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र , टिकेश्वर गबेल, राम अवतार अग्रवाल,रमेश सिघानियां, श्रीमती विघा सिदार, श्रीमती कमलेश जांगडे, श्रीमती उमा राठौर, राम नरेश यादव युवा मोर्चा महामंत्री अभिषेक शर्मा, अनूप अग्रवाल, प्रेम पटेल, संतोष राठौर, प्रभास सिंह ठाकुर के दिग्गज नेता सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, सदस्य व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम प्रभारी पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने मंच का संचालन किया ?

## सनी देओल की गदर 2 का टिकट खिड़की पर संघर्ष जारी




सनी देओल, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा जैसे सितारों से सजी फिल्म गदर 2 ने रिलीज के पहले दिन से टिकट खिड़की पर गदर मचाया हुआ है।फिल्म का सिनेमाघरों में रिलीज का यह छठा हफ्ता चल रहा है और बॉक्स ऑफिस पर गदर 2 अभी भी पकड़ बनाए हुए है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट जारी है।इसके अलावा जवान की रिलीज का भी गदर 2 की कमाई पर असर पड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, गदर 2 ने रिलीज के 42वें दिन 37 लाख रुपये का कारोबार किया है, जो इस सप्ताह की सबसे कमाई है।इसी के साथ अब फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 521.53 करोड़ रुपये हो गया है।



## रिताभरी चक्रवर्ती का टाइम बेबी म्यूजिक वीडियो फैंस को कर रहा है एंटरटेन!

मनोरंजन की दुनिया में ऐसे क्षण आते हैं जब एक कलाकार का परिवर्तन उम्मीदों से बढ़कर होता है, जिससे प्रशंसक अपने पसंदीदा सेलिब्रिटीज से और भी ज़्यादा प्रेरित हो जाते हैं। एक्ट्रेस रिताभरी च वर्ती के साथ भी ऐसा ही है, जो निकिता गांधी और संबित के सहयोग से अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो 'टाइम बेबी' के लिए रॉकस्टार का रूप अपनाया। जिसने प्रशंसकों और आलोचकों को समान रूप से आकर्षित किया।

एक्ट्रेस रिताभरी का अविश्वसनीय परिवर्तन न केवल उनकी उपस्थिति में बदलाव को दर्शाता है बल्कि उनके रॉकस्टार व्यक्तित्व का पूर्ण अवतार भी दिखाता है। अपनी स्टेज प्रेजेंस से लेकर अपनी अभिव्यक्ति तक, रिताभरी ने अपने किरदार को जीवंत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। रिताभरी और उनके को-स्टार, चिंतन रच्छ के बीच की शानदार ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जो इस गाने में आकर्षण की एक परत जोड़ता है।

यह एक कलाकार के रूप में उनके बहुमुखी प्रतिभा का प्रमाण है, जो साबित करता है कि वह अपने किरदारों के साथ एक शैली से दूसरी शैली में सहजता से बदलाव कर सकती हैं। फैंस इस म्यूजिक वीडियो के दीवाने हो रहे हैं। इसके अलावा, चक्रवर्ती ने हाल ही में नंदिनी नामक अपना दूसरा प्रोजेक्ट भी पूरा किया है। इस सीरीज में उनका किरदार नंदिनी, सायंतनी पुताटुंडा की किताब से लिया गया है।

## कैमरे में कैप्चर हुआ जाह्नवी कपूर का किलर अवतार, हॉटनेस देख यूजर्स रह गए दंग

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ सिजलिंग और हॉट फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी खूबसूरती देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं।

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स से इंटरनेट पर तबाही मचाती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपनी लेटेस्ट पोस्ट से फैंस को दीवाना बना दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने ब्लू कलर की डीपनेक बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो गॉर्जियस नजर आ रही हैं। ओपन हेयर, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने जमीन पर बैठकर बेहद ही हॉट पोज देते हुए फोटोशूट करवाया है। बता दें कि जाह्नवी कपूर जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक पोस्ट पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया लवर हैं और एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव भी रहती हैं। एक्ट्रेस हमेशा अपने डैशिंग अंदाज से फैंस को हैरान कर देती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही ट्रेंड करता है।



## भूमि पेडनेकर की फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग का दूसरा गाना देसी वाइन जारी



भूमि पेडनेकर पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर चर्चा में हैं।इसका निर्देशन रिया कपूर के पति करण बूलानी कर रहे हैं। यह बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है।अब निर्माताओं ने थैंक यू फॉर कमिंग का दूसरा गाना देसी वाइन जारी कर दिया था, जिसमें भूमि अपनी पूरी गैंग के साथ जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैं।इस गाने को करान, निकिता गांधी, द ऋ्ष और अर्जुन ने मिलकर गाया है

भूमि ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर थैंक यू फॉर कमिंग का पहला गाना देसी वाइन साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस त्योहारी सीजन में देसी वाइन पर दिल खोलकर नाचें।थैंक यू फॉर कमिंग में भूमि के अलावा शहनाज गिल, कुशा कपिला, डॉली सिंह, करण कुंद्रा, शिबानी बेदी और अनिल कपूर भी हैं।रिया और एकता कपूर ने मिलकर इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभाला है।यह फिल्म 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। थैंक यू फॉर कमिंग रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो लड़कियों की कामुकता और ख्वाहिशों पर बात करती है। यह एक बोल्ड विषय है और आम तौर पर इसे आज भी वर्जित माना जाता है। फिल्म में भूमि पेडनेकर ने लीड रोल निभाया है और उनके अनिल के साथ कुछ दिलचस्प दृश्य हैं। वेटरन एक्टर के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने को लेकर भूमि कहती हैं- शुरुआत में मैं बेहद घबराई हुई थी।

## करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक




आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है. इस रोमांटिक-कॉमेडी फैमिली ड्रामा फिल्म से करण जौहर ने डायरेक्शन में सात साल बाद वापसी की है. सात साल बाद वापसी करण की शानदार रही है. आलिया और रणवीर की केमिस्ट्री लोगों को बहुत पसंद आई जिसकी वजह से ये फिल्म लंबे समय तक सिनेमाघरों पर भी टिकी रही. ये फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और रिलीज के करीब 2 महीने बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसे रिलीज कर दिया गया है.रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को अब सिनेमाघरों के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी एंजॉय किया जा सकता है. करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके फिल्म की रिलीज के बारे में जानकारी दी है. उन्होंने बताया है कि फिल्म किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है.

संजय दत्त और टाइगर की नई फिल्म का ऐलान

## मास्टर ब्लास्टर में लगाएंगे एक्शन के साथ कॉमेडी का तड़का



सुखी और द ग्रेट इंडियन फैमिली ने सिनेमाघरों में दस्तक दी है। आने वाले दिनों में कई शानदर बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के बीच आने वाली हैं।अब एक और नई फिल्म मास्टर ब्लास्टर का ऐलान हो गया है। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म होगी और इससे भी खास बात यह है कि इसमें संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ पहली बार साथ नजर आएंगे।आइए जानते हैं इससे जुड़ी और क्या जानकारी मिली है।

जाने-माने फिल्म समीक्षक और फिल्म व्यापार विश्लेषक तरण आदर्श ने एक्स (ट्विटर) पर यह जानकारी दी।उन्होंने ट्वीट किया, इस खबर की आधिकारिक रूप से पुष्टि हो चुकी है कि संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ हेरा फेरी, फिर हेरा फेरी, वेलकम और आवारा पागल दीवाना के निर्माता फिरोज नाडियाडवाला की अगली एक्शन कॉमेडी फिल्म मास्टर ब्लास्टर के लिए साथ आ रहे हैं। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही शूटिंग शुरू होने वाली है। तरण ने अपने पोस्ट में आगे यह भी बताया कि मास्टर ब्लास्टर के ज्यादातर हिस्से की शूटिंग हांगकांग, मकाऊ और मेनलैंडचीन में होगी।सिनेमा के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा, जब किसी फिल्म में कुछ नए तकनीकी प्रयोग दर्शकों के बीच आएंगे।

## खेल



भारतीय महिला टीम ने 19वें एशियन गेम्स के विमेंस क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम इंडिया ने रविवार को पहले सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया। इस जीत से भारत का क्रिकेट में एक मेडल पक्का हो गया है। गोल्ड मेडल मैच भारतीय टीम का मुकाबला सोमवार को दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच आज इसी मैदान पर खेला जाएगा।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियाड के फाइनल में:बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया

चीन के होंगजोऊ शहर में बांग्लादेशी टीम टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 51 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने 8.2 ओवर में दो विकेट पर टारगेट अचीव कर लिया। आगे पढ़िए मैच रिपोर्ट

### पूजा वस्त्राकर ने झटके 4 विकेट

तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने अपने कोटे के चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट हासिल किए। पूजा ने एस रानी, शमीमा सुल्ताना, एस मोस्तारी और रितू मेनी को पवेलियन की राह दिखाई। पूजा की गेंदबाजी की बदौलत भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 51 रनों पर समेट दिया।

पूजा वस्त्राकर ने चार विकेट हासिल किए। एस रानी, शमीमा सुल्ताना, एस मोस्तारी और रितू मेनी को आउट किया।




पूजा वस्त्राकर ने चार विकेट हासिल किए। एस रानी, शमीमा सुल्ताना, एस मोस्तारी और रितू मेनी को आउट किया।

### रोड्रिग्ज ने बनाए सबसे ज्यादा 20 रन

52 रनों का टारगेट चेज करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान स्मृति मंधाना (7 रन)और शेफाली वर्मा (20 रन) ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने 19 रन जोड़ी। बाकी का काम जेमिमा रोड्रिग्ज ने 20 रनों की पारी खेलकर कर दिया।

### बांग्लादेश का भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेशी टीम विमेंस टी-20 के इतिहास में भारत के खिलाफ सबसे छोटे स्कोर पर आउट हुई। टीम 17.5 ओवर में 51 रन पर ऑलआउट हुई। कप्तान निगर सुल्ताना (12 रन) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज डबल डिजिट तक भी नहीं पहुंच सकी।

### ऐसे गिरे विकेट

*शठी रानी- 0 रन = पहले ओवर की पहली गेंद पर पूजा वस्त्रकार ने विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच कराकर ओपनर साथी रानी को पवेलियन भेजा।*

*शमीमा सुल्ताना- 0 रन = पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर पूजा ने शमीमा सुल्ताना को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारतीय टीम को दूसरी सफलता दिलाई।*

*शोभना मोस्तारी- 8 रन = 4.5 ओवर में पूजा ने शोभना मोस्तरी को स्मृति मंधाना के हाथों कैच कराकर भारतीय टीम को तीसरी सफलता दिलाई।*

## एक नजर

## 19वें एशियन गेम्स का रंगारंग आगाज



**हांगझोउ।** 19वें एशियन गेम्स का रंगारंग आगाज बिग लोटस यानी कि हांगझोऊ ओलिंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में शनिवार शाम को हुआ। यहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गेम्स का उद्घाटन किया। सेरेमनी में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए चीन की समृद्ध विरासत को दिखाया गया। यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इको-फ्रेंडली टेक्नोलॉजी के साथ देश के आधुनिक दृष्टिकोण को पेश किया गया। सेरेमनी की थीम पानी बचाओ रखी गई। खिलाड़ियों की परेड में सबसे पहले अफगानिस्तान के एथलीट आए। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने तिरंगा लेकर भारतीय दल का नेतृत्व किया।

## एशियन गेम्स में भारत को 5 मेडल



रोइंग में 3 और शूटिंग में 2 मेडल; महिला क्रिकेट टीम फाइनल में, मेंस हॉकी टीम 16-0 से जीती

**हांगझोऊ** चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स में रविवार को भारत ने शानदार शुरुआत की। भारतीय खिलाड़ियों ने मेडल इवेंट्स के पहले ही दिन तीन सिल्वर और दो ब्रॉन्ज समेत कुल पांच मेडल जीते। इसके अलावा भारतीय महिला क्रिकेट बांग्लादेश को 8 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। यानी क्रिकेट में भी मेडल पक्का हो गया है। महिला क्रिकेट इवेंट के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच आज ही भिड़ंत होनी है। इस मैच में जीत हासिल करने वाली टीम 25 सितंबर को भारत के साथ फाइनल खेलेगी।

## इंग्लैंड ने आयरलैंड को 48 रन से हराया

### दूसरे वनडे में सेंचुरी चूके जैक्स और सैम हैन; रेहान अहमद ने झटके 4 विकेट

नॉटिंघम। इंग्लैंड ने आयरलैंड को वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 48 रन से हरा दिया। नॉटिंघम में पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 334 रन बनाए। विल जैक्स (94 रन) और सैम हैन (89 रन) सेंचूरी चूक गए।



335 रन के टारगेट के जवाब में आयरलैंड टीम 46.4 ओवर में 286 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम का कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका, वहीं इंग्लैंड से लेग स्पिनर रेहान अहमद ने 4 विकेट झटके।

दूसरे वनडे में जीत के साथ इंग्लैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहला वनडे बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। वहीं तीसरा वनडे 26 सितंबर को ब्रिस्टल में खेला जाएगा।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड को फिल सॉल्ट और विल जैक्स ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने छठे ओवर में ही टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा दिया। 7वें ओवर में सॉल्ट 28 रन बनाकर आउट हो गए। इसी ओवर में कप्तान जैक क्रॉले खाता खोले बगैर ही विल यंग का शिकार हो गए।

7वें ओवर में 2 विकेट गंवाने के बाद बेन डकेट और जैक्स ने सेंचुरी पार्टनरशिप की। डकेट 48 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 102 रन की साझेदारी टूटी। विल जैक्स ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया, लेकिन 94 रन बनाकर वह स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल का शिकार हो गए।

## न्यूजीलैंड ने 15 साल बाद बांग्लादेश को घर में हराया:दूसरा वनडे 86 रन से जीता



**ढाका।** न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 86 रन से हरा दिया। 35 रन देकर 6 विकेट लेने वाले लेग स्पिनर ईश सोढी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। सोढी ने पहली पारी में 35 रन भी बनाए थे। वहीं बांग्लादेश से कोई भी प्लेयर फिफ्टी नहीं लगा सका।

ढाका में जीत के साथ न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश में अपनी लगातार हार का सिलसिला तोड़ा। टीम को बांग्लादेश में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी वनडे जीत 2008 में मिली थी। इसके बाद टीम ने लगातार 7 मैच गंवाए और अब जाकर उन्हें जीत मिली है।

दूसरे वनडे में जीत के साथ न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहला वनडे बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। वहीं तीसरा वनडे 26 सितंबर को ढाका में ही खेला जाएगा।

### 36 रन पर गंवाए 3 विकेट

ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 36 रन पर ही अपने 3 विकेट गंवा दिए। फिन एलेन 12, विल यंग 0 और चड बॉव्स 14 रन बनाकर आउट हो गए।

### निकोल्स-ब्लंडेल ने संभाला

*शुरुआती विकेट जल्दी गंवाने के बाद हेनरी निकोल्स और टॉम ब्लंडेल ने न्यूजीलैंड की पारी संभाली। दोनों ने 95 रन की पार्टनरशिप की और टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। निकोल्स 49 रन बनाकर खालेद अहमद का शिकार हुए और दोनों के बीच पार्टनरशिप टूटी। निकोल्स के बाद रचिन रवींद्र भी 10 रन बनाकर LBW हो गए।*

# कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर क्षेत्र की जनता को नहीं दे पाए अच्छी सड़क, चुनाव आते ही जनता को वनभोज करा कर मांग रहे समर्थन

जोहार छत्तीसगढ़–छत्तीसगढ़–कोरबा।





छत्तीसगढ़ में विधानसभा के चुनाव को कुछ माह और कुछ दिन बचे हुए हैं 5 साल से जनता की सुध न लेने वाले नेता जनता का हितैषी बताते हुए नेता जनता की चौखटों में माथा टेकने पहुंचने लगे हैं और आचार संहिता लगने के पहले अनेक तरह के लुभाने कार्यक्रमों और वादों से जनता को अपनी ओर रिझाने में लगे हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम देवरी में कांग्रेस पार्टी के कटघोरा विधानसभा के विधायक सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से पहुंचे हुए थे जहां कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र की जनता के साथ वन भोज का कार्यक्रम रखा गया था इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी दी और स्थानीय विधायक के समर्थन में लोगों से मतदान करने की अपील की और प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने एक जुटता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने की लोगों से अपील की, कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर के 5 वर्ष का कार्यकाल लगभग पूर्ण होने को है और इन पांच सालों में वह क्षेत्र में पूर्ण रूप से निष्क्रिय बने रहे इनके द्वारा आज तक क्षेत्र की जनता को अच्छी सड़कों की सौगात नहीं मिल पाई है, जबकि उनके क्षेत्र में एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा व दीपका एसईसीएल की खदानें हैं जहां से सीएसआर फ ंड सहित अनेक जनहित के लिए आय के साधन है। बावजूद इसके क्षेत्र की सड़कों का बुरा हाल है वर्षा ऋतु में कुसमुंडा से नरईबोध होते हुए हरदी बाजार तक खराब सड़कों में पग पग पर बड़े.बड़े गड्ढे है जिन पर वर्षा ऋतु में पानी भरने से लोगों का चलना दुभर हो गया है कीचड़ और गड्ढो में गाड़ियां फं स रही है, लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं जिसको लेकर क्षेत्र की जनता में विधायक व एसईसीएल पर भारी आक्रोश है इसे बनाने के लिए 5 साल तक विधायक ने न ध्यान दिया न एसईसीएल के द्वारा ध्यान दिया गया यहां तक की गड्ढे तक पाटने के लिए किसी के पास फंड नहीं है मार्ग में कोयला से लगे भारी वाहनों के चलने से सड़कों के परखच्चे उड़ गए हैं जिससे इस मार्ग में आने जाने वाले लोगों से लेकर स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही एसईसीएल के भू–विस्थापितों की समस्या लगातार



बनी हुई है उम्र बीत रही है नौकरी के आस में जिनकी समस्याएं वर्तमान विधायक से लेकर पूर्व विधायक नहीं दूर कर पाए भू–विस्थापितों का विधायक सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर गहरी नाराजगी देखी जा रही हैए क्षेत्र की जनता इस बार ऐसे निष्क्रिय विधायक को सबक सिखाने दबी जुबान में बोल रही है हालांकि अभी कटघोरा विधानसभा सीट में प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है इस विधानसभा सीट से कई दावेदारों ने ताल ठोक रखी हैए अगर इस बार कांग्रेस से कटघोरा विधानसभा सीट से पुरुषोत्तम कंवर को कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो कांग्रेस को एक सीट से नुकसान पहुंचने की प्रबल संभावना बनी हुई है ।कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर क्षेत्र की जनता को नहीं दे पाए अच्छी सड़कए चुनाव आते ही जनता को वनभोज करा कर मांग रहे समर्थन छत्तीसगढ़ध्कोरबा रू. छत्तीसगढ़ में विधानसभा के चुनाव को कुछ माह और कुछ दिन बचे हुए हैं 5 साल से जनता की सुध न लेने वाले नेता जनता का हितैषी बताते हुए नेता जनता की चौखटों में माथा टेकने पहुंचने लगे हैं और आचार संहिता लगने के पहले अनेक तरह के लुभाने कार्यक्रमों और वादों से जनता को अपनी ओर रिझाने में लगे हुए हैं

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम देवरी में कांग्रेस पार्टी के कटघोरा विधानसभा के विधायक सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से पहुंचे हुए थे जहां कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र की जनता के साथ वन भोज का कार्यक्रम रखा गया था इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी दी और स्थानीय विधायक के समर्थन में लोगों से मतदान करने की अपील की और प्रदेश में फ्रि से कांग्रेस की सरकार बनाने एक जुटता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने की लोगों से अपील कीए

कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर के 5 वर्ष का कार्यकाल लगभग पूर्ण होने को है और इन पांच सालों में वह क्षेत्र में पूर्ण रूप से निष्क्रिय बने रहे इनके द्वारा आज तक क्षेत्र की जनता को अच्छी सड़कों की सौगात नहीं मिल पाई हैए जबकि उनके क्षेत्र में एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा व दीपका एसईसीएल की खदानें हैं जहां से सीएसआर फ्ंड सहित अनेक जनहित के लिए आय के साधन हैए बावजूद इसके क्षेत्र की सड़कों का बुरा हाल है वर्षा ऋतु में कुसमुंडा से नरईबोध होते हुए हरदी बाजार तक खराब सड़कों में पग पग पर बड़े.बड़े गड्ढे है जिन पर वर्षा ऋतु में पानी भरने से लोगों का चलना दुभर हो गया है कीचड़ और गड्ढो में गाड़ियां फंस रही हैए लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं जिसको लेकर क्षेत्र की जनता में विधायक व एसईसीएल पर भारी आक्रोश है इसे बनाने के लिए 5 साल तक विधायक ने न ध्यान दिया न एसईसीएल के द्वारा ध्यान दिया गया यहां तक की गड्ढे तक पाटने के लिए किसी के पास फ्ंड नहीं है मार्ग में कोयला से लगे भारी वाहनों के चलने से सड़कों के परखच्चे उड़ गए हैं जिससे इस मार्ग में आने जाने वाले लोगों से लेकर स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैए वही एसईसीएल के भूविस्थापितों की समस्या लगातार बनी हुई है उम्र बीत रही है नौकरी के आस में जिनकी समस्याएं वर्तमान विधायक से लेकर पूर्व विधायक नहीं दूर कर पाए भू विस्थापितों का विधायक सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर गहरी नाराजगी देखी जा रही हैए क्षेत्र की जनता इस बार ऐसे निष्क्रिय विधायक को सबक सिखाने दबी जुबान में बोल रही है हालांकि अभी कटघोरा विधानसभा सीट में प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है इस विधानसभा सीट से कई दावेदारों ने ताल ठोक रखी हैए अगर इस बार कांग्रेस से कटघोरा विधानसभा सीट से पुरुषोत्तम कंवर को कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो कांग्रेस को एक सीट से नुकसान पहुंचने की प्रबल संभावना बनी हुई है ।

## एक नजर

### निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण व्यय प्रशिक्षण 27को

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।




आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण व्यय अंतर्गत गठित दलों की बैठक सह प्रशिक्षण इस महीने की 27 तारीखे को पूर्वाह्न 11 बजे संयुक्त, जिला कार्यालय बेमेतरा के दिशा सभाकक्ष,में आयोजित किया गया है। जिसमें सहायक व्यय प्रेक्षक विस 68 साजा, 69 बेमेतरा, 70 नवागढ़, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल तथा लेखा टीम के सभी सदस्य को उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

### मंत्री अमरजीत भगत पहुंचे सीतापुर क्षेत्र, सुवारपारा में हो रहे कोरवा सम्मेलन कार्यक्रम में हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़–सीतापुर।

सीतापुर क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के खाद एवं सांस्कृतिक मंत्री अपने सीतापुर विधानसभा के क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे थे। जहां वह बतौली विकासखंड अंतर्गत लाल माटी में हो रहे टूर्नामेंट कार्यक्रम में शामिल हुए उसके उपरांत सुवारपारा में हो रहे कोरवा सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे,जहां कोरवा समुदाय तथा स्थानीय नागरिको ने जोरदार स्वागत किया। इस सम्मेलन में मंत्री अमरजीत भगत के पास कोरवा समुदाय के लोगों ने सामाजिक भवन एवं वन अधिकार पट्टा तथा राशन कार्ड की मांग की, साथ ही डिहारी एवं पहाड़ी कोरवाओं के अधिकार में जो फर्क है उसको एक समान करने का अनुरोध किया।

### विधानसभा निर्वाचन कार्यों में वीडियोग्राफी कार्य के लिए 6 अक्टूबर तक मंगाये गये निविदा

**रायगढ़** । आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्रों में प्रशिक्षण, नामांकन कार्यवाही, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति केन्द्र, मतदान केन्द्र, मतगणना, उडन्दस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यो में वीडियोग्राफी किए जाने हेतु पंजीकृत तथा अनुभवी संस्थाओं/फर्मो से निविदा मंगाये गये है। इच्छुक संस्था एवं फर्म निर्धारित फार्म में निविदा 6 अक्टूबर 2023 अपरान्ह 3 बजे तक कलेक्टोरेट कार्यालय, रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 23 में जमा कर सकते है।

# मृतक गवेन्द्र यादव का हत्या करने वाले दो आरोपी को नांदघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

प्रार्थी करण ध्रुव पिता सुखदेव ध्रुव साकिन मल्दा थाना नांदघाट ने रिर्पोट दर्ज कराया कि 20 सितंबर 2023 के करीब 09.30 बजे रात्रि में मृतक गवेन्द्र यादव को आरोपीगण अपने साथ अपने घर लेकर गये थे उसके बाद सुबह मृतक की लाश संदिग्ध अवस्था में मिला, जिस पर मर्ग सदर धारा 174 जाफौ का मर्ग कायम कर जांच पर लिया गया। मर्ग जांच पर पाया गया कि आरोपीगण द्वारा एक राय होकर मृतक को फांसी के फंदे पर लटकाकर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने व एवं साक्ष्य छुपाने के लिये अपने बाडी किनारे फेंक देने से अपराध क्रमांक 250/ 2023, धारा 302, 201, 120बी, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता भापुसे के द्वारा आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की एवं डीएसपी कौशिल्या साहू, के द्वारा थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक




अलील चंद, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा एवं थाना स्टाफ को आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने विवेचना में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी रामदयाल साहू एवं नोहर साहू को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर पता चला कि मृतक गवेन्द्र यादव आरोपीगण के परिजनों को परेशान करते थे जिसकी जानकारी होने पर आवेश में आकर योजना बनाकर दिनांक घटना समय को मृतक को अपने घर, कोठा में ले जाकर नांगर जोता के नायालोन रस्सी को मृतक गवेन्द्र यादव के गले में डालकर फ ांसी के फ ंदे पर लटकाकर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने एवं साक्ष्य छुपाने के लिये लाश को अपने बाडी किनारे फेंक देना स्वीकार किया। आरोपीगण 1, रामदयाल साहू पिता रामप्रसाद साहू उम्र 50 साल साकिन मल्दा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा, 2 नोहर साहू पिता बलदाउ साहू उम्र 23 साकिन मल्दा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर 23 सितंबर 2023 को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक आनंद कुर्रे, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, आरक्षक प्रताप यादव, रूपेन्द्र वर्मा, सुरेश साहू, नुरेश वर्मा, इंद्रजीत पांडेय एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# शातिर चोर को रतनपुर पुलिस चोरी के मोटर सायकल सहित किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ – रतनपुर।

रतनपुर पुलिस चोरी के मोटर सायकल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार प्रार्थी लक्ष्मीनारायण राजपूत निवासी घासीपुर रतनपुर द्वारा 8 सितंबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 सितंबर को अपने मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 10 ईके 4299 से राधा माधव मंदिर दर्शन के लिये गया था जो कुछ देर बाद पूजा दर्शन करके बाहर आया तो देखा कि मोटर सायकल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है जिस पर अपराध क्रमांक 593/2023 धारा 379 भादवि दर्ज कर अज्ञात चोर व चोरी गये मोटरसाइकिल की पतासाजी की जा रही थी। थाना प्रभारी रतनपुर देवेश सिंह राठौर द्वारा मामले में त्वरित कार्यवाही हेतु, वरिष्ठ अधिकारियो के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन पर थाना स्तर पर टीम गठित कर थाना क्षेत्र में हो रहे चोरी नकबजनी की पतासाजी किया जा रहा था कि सूचना मिला कि




केरापारा निवासी मनीष रावत एक बिना नंबंर के मोटर सायकल में घूम रहा हैं ,सूचना पर त्वरित टीम के साथ गांधीनगर रतनपुर के पास मनीष रावत को एक बिना नंबर के सीडी डिलक्स मोटर सायकल में जो भागने के फिराक में था, घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित पकडे। वाहन का कोई कागजात पेश नहीं करने से थाना लाकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ पर उक्त मोटर सायकल को राधा माधव मंदिर पास से 6 सितंबर 2023 के चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी मनीष रावत के कब्जे से उक्त मोटर सायकल को जप्त कर आरोपी को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज गया।

# जैजैपुर विधानसभा में पहुंची परिवर्तन यात्रा तीन केन्द्रीय मंत्रियों ने किया सभा को सम्बोधित

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ति।

जैजैपुर भाजपा की परिवर्तन यात्रा 24 सितंबर दिन रविवार को सक्ती जिले के जैजैपुर विधानसभा में पहुंची। परिवर्तन यात्रा का भाजपा द्वारा हजारों की संख्या में हर्षोल्लास के साथ बाजे–गाजे, आतिशबाजी, कर्मा नृत्य के साथ भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर हसौद में आयोजित विशाल आम को मुख्य अतिथि सहकरिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा द्वारा सभा को संबोधित किया। उन्होंने भूपेश बघेल कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा प्रदेश से घूसखोर और घोटाले बाज कांग्रेस सरकार को प्रदेश से उखाड़ फेंकना है। अउ नई साहबो, बदल के रहिबो। भूपेश सरकार पर कई घोटाला करने का आरोप लगाया। साथ ही इस बार के चुनाव में कांग्रेस को उखाड फेंकने का संकल्प भाजपा के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लिया है। यह सरकार गरीबों की आवास



छीनने वाली सरकार है गरीबों के विकास को रोकने वालों को सबक हमको जरूर सीखना है इसी संकल्प के साथ यह परिवर्तन यात्रा निकली हुई है। भाजपा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा केवल गरीबों को किसानों को लूटने का कार्य किया केवल बोनस देने में ही कंजूसी नहीं कर रहे साथ में बारदाना उपलब्ध कराने में भी नाकाम रही है ऊपर से गिरदावरी को भी घटा दिया गया है। पिछले पांच साल में छत्तीसगढ़ में विकास कार्य ठप हो गया है। जबकि भाजपा सरकार में तेजी से विकास हो रहा था। समृद्धि और संपन्नता का प्रतीक है कमल फूल। मां दुर्गा और लक्ष्मी की पूजा में कमल फू ल का उपयोग होता है। छत्तीसगढ़ को भी कमल फूल की आवश्यकता है। इस चुनाव कमल फ ूल को ही चुने। इस अवसर पर एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मारकंडे, सांसद गुहाराम अजगल्ले, बृजमोहन अग्रवाल विधायक, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा, जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, जिला उपाध्यक्ष अमृत लाल साहू, गोपी सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष लोकेश साहू, भाजपा हसौद मंडल के दिग्गज नेता सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, सदस्य व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# डांडिया मैदान में हत्या के 4 दोषियों को उम्रकैद

## बालको में पार्षद के भतीजे को उतारा था मौत के घाट

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

पिछले साल दशहरा की पूर्व रात्रि डांडिया मैदान में हुए विवाद के बाद तुरन्त बदला लेने के लिए एक युवक की चाकू और बेल्चा से मारकर हत्या कर देने के मामले में न्यायालय ने दोषसिद्ध होने पर आरोपियों को उम्रकैद की सजा से दंडित किया है। मृतक युवक क्षेत्र के बसपा से पार्षद का भतीजा था।



न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बालकोनगर थाना अंतर्गत सेक्टर–3 के डांडिया मैदान में 4 अक्टूबर की रात करीब 11.30 बजे बालको निवासी अमित किरण की हत्या कर दी गई थी। डांडिया मैदान में मौजूद अमित किरण पर आरोपीगण नागेश उर्फ पप्पू, सतीश दास महंत, रजनीश उर्फ बाबी चौहान, जितेन्द्र दास महंत व अन्य साथियों के द्वारा चाकू एवं बेल्चा से मारपीट कर हमला कर हत्या को अंजाम दिया गया था। प्रकरण में बालको पुलिस ने अपराध क्रमांक 581/2022 धारा 147, 148,149, 302, 307 तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामला विचारण हेतु अपर सत्र न्यायाधीश,फास्ट ट्रैक, पीठासीन अधिकारी ज्योति अग्रवाल के न्यायालय में पेश किया गया था। विचारण के दौरान अभियोजन ने आरोपीगणों के विरूद्ध मामला प्रमाणित करने में सफलता हासिल की। परिणाम स्वरूप न्यायालय द्वारा आरोपियों को दोषी पाते हुए विभिन्न धाराओं में सजा से दंडित किया गया। नागेश उर्फ पप्पू महंत व सतीश महंत को धारा 149 में एक वर्ष कारावास व 500 रुपए अर्थदण्ड, 25, 27 आर्म्स एक्ट में 3 माह सश्रम कारावास तथा धारा 302 में सभी आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 2.2 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया है। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक रामकुमार मौर्य के द्वारा पैरवी की गई।

### दोस्त से विवाद का लिया बदला

जिस वक्त यह घटना हुई उस दौरान मैदान में गरबा–डांडिया हो रहा था और उसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र थे। इस दौरान आरोपियों में से किसी एक का हाथ युवती से टच हो गया और इसी बात को लेकर युवती के परिचित युवक के साथियों तथा आरोपियों के बीच मारपीट हुई। इसके बाद जब अमित किरण आयोजन स्थल से करीब 100 मीटर दूर अपने घर की ओर जा रहा था तब उक्त आरोपियों ने अमित किरण के दोस्त के साथ हुए विवाद का बदला चुकाते हुए चाकू व बेल्चा से मारपीट कर चोट पहुंचाया। मृतक अमित किरण क्षेत्र के पार्षद सरवन किरण का भतीजा था। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व शोक व्याप्त हो गया। उस दौरान बालको थाना में निरीक्षक विजय चेलक पदस्थ थे। उनके द्वारा घटना की जानकारी होने के तत्काल बाद टीम लगाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। ग्राम बेला निवासी आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण में मजबूत विवेचना की गई जिसके कारण आरोपियों पर दोष सिद्ध हुआ और उन्हें कठोर दण्ड दिया जा सका।

# नवागढ़ अंचल सहित क्षेत्र में तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त,लोगों को हो रही परेशानी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिला के नवागढ़ ब्लॉक मुख्यालय सहित क्षेत्र में दो-तीन दिनों से रुक-रुक लगातार बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गए है जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही बारिश का पानी जमा होने से लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।





पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार वर्षा से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सड़कों, गांव के गलियों में बारिश का पानी जमा होने से आवाजाही में फजीहत हो रही है। इधर गांव की सूखी गलियों में जल जमाव हो जाने से लोगों को घर से निकलने पर भी संकट है। यह आलम लगातार दो तीन दिनों से रिमझीम बारिश के कारण लोग घर से बाहर निकलना तो दूर की बात है काम करने जाने के लिए भी इस सर्द बारिश के मौसम में जाना नहीं चाहते। वही दैनिक भरण पोषण खानपान वेशभूषा पर प्रभावित पड़ा। इस बारिश आने के साथ साथ कई समस्याओं को संजो कर लाया गया।

### पालतू पशु जानवर के लिए बारिश में चारा देने के लिए बना चिंता का विषय

लगातार बारिश से पशुपालकों को पशुओं के लिए चारा बाहर निकलने के लिए चिंता का समस्या खड़ा कर दिया है। कभी झमाझम बारिश तो कभी रुक.रुक रिमझीम बारिश रुकने के नाम नही ले रहे है। जिससे पशुपालकों में चिंता का विषय बन पड़ा है। बारिश के कारण पशुओं के लिए व्यवस्था करने में भी परेशानी हो रही है।

### स्कूल-कॉलेज जाने के लिए विद्यार्थियों को दिक्क तों करना पड़ रहा सामना

पिछले दो-तीन दिनों से रुक- रूक कर हो रही बारिश से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण कई गांव के सड़कों व पगडंडियों पर जलजमाव हो जाने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। पानी रुकने के नाम नही ले रहे है। इसी कारण ग्रामीण सड़कें व पगडंडियां कीचड़ युक्त हो गई हैं। जिसके चलते अंचल के स्कूल.कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों में कमी नजर आए। बता दें कि विद्यार्थी स्कूल कॉलेज जाने के लिए कोई पैदल जाते है तो कोई साईकिल से जाते है। लेकिन बारिश के चलते असुविधा हो रहे है। वही गांव में जल जमाव की समस्या व जल की निकासी की व्यवस्था न होने से स्थिति नारकीय बन गई है। लोगों को किसी काम से बाहर निकलने के लिए सड़क पर भरे कीचड़ युक्त पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। पंचायत में भी ग्रामीण सड़कों व पगडंडियों में पानी के जमाव के कारण लोगों को आने जाने में असुविधा हो रही है।

### लगातार वर्षा से हरुना धान व वेरायटी धान की फसल की नुकसान की संभावना

क्षेत्र में हो रही वर्षा से क्षेत्र में लगी धान की फसल को भारी क्षति पहुंची है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के किसानों नें बड़े पैमाने पर धान की फसल लगाई है। इसके अनुकूल मौसम होने की वजह से अच्छी पैदावार होने की आशा थी। लेकिन मौसम के बदले रुख नें सभी किसानों की आशाओं पर पानी फेर दिया है। लगातार बारिश व मूसलाधार बारिश होने से क्षेत्र के किसान को चिन्ता में डाल दिया है। धान के पौधों में बाली लगने लगी है। इसी बीच दो तीन दिनों से हो रही वर्षा नें धान के पौधों को गिरा दिया है। जिससे उन्हें बड़ा नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र के किसानों नें बताया कि इस साल मौसम अनुकूल रहने के कारण किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद थी। लेकिन पिछले तीन दिनों से हो रही वर्षा के कारण किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाएगा। क्षेत्र में खेतों में लगी सब्जी की फसल भी बारिश से प्रभावित हुई है।

### बारिस के कारण घरों में घुसा पानी, विशैले जीव का बना डर

रुक-रुक कर हो रही लगातार बारिश के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के कारण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होने से लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया। दिन में तो किस तरह समय काट लेते हैं लेकिन रात के समय आस पास के इलाके समेत घरों में पानी रहने के कारण हमेशा विषैले सांप, कीड़े का डर बना रहता है। जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से पानी के दुर्गन्ध से लोग परेशान हैं। वहीं चारा लाने में किसानों को भारी परेशानी हो रही है। वही बिजली की लगातार कटौती से पूरा गांव परेशान रहता है।

### मौसमी बीमारियों का खतरा व मच्छरों के प्रकोप से अंचल एक ओर परेशानी की बना सबब

***बता दें कि अंचल में हो रही लगातार बारिश के कारण मौसम के साथ साथ मौसमी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। साथ ही बारिश के जल जमाव के कारण मच्छरों के काटने की परेशानी को झेलना मजबूरी बन गया है।***

# विधिक साक्षरता शिविर में बच्चों को दी गई आवश्यक विधिक जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।




अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जशपुर जिला जशपुर छग के मार्गदर्शन में शासकीय पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास पत्थलगांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उमेश कुमार भागवतकर पत्थलगांव ने उपस्थित बच्चों को विधिक सेवा प्राधिकरण एवं विधिक साक्षरता शिविर का मूल उददेश्य, नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं संरक्षण के लिए, योजना 2015, गुड टच बैड टच, नागरिकों के संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्य, परक्राम्य लिखत अधिनियम, छग आबकारी अधिनियम,छग भू-राजस्व संहिता, छग टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, साईबर अपराध, ऑन लाईन ठगी, महिला संबंधी अपराध, मोटरयान अधिनियम व अन्य आवश्यक विधिक जानकारी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा उपस्थित बच्चों द्वारा विधि के संबंध में पूछे गये प्रश्नों का विस्तृत उत्तर प्रदान कर उनके विधिक जिज्ञासा का समाधान कर उनका मार्गदर्शन किया।




# रोड नहीं तो वोट नहीं, पहले रोड फिर वोट

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




बलौदा बाजार जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरी,करेली भैसा, के सरपंच,पंच उप सरपंच एवं 5गांवों के किसान साथ में जन प्रतिनिधि के साथ मिलकर पक्का मार्ग पक्का पुल निर्माण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हुए यह रोड लगभग पांच किलोमीटर की है, जो इन चार पांच गांव को एक दूसरे पर निर्भर कराती है। चाहे स्वास्थ, शिक्षा या फिर कृषि कार्य के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में बाधा उत्पन करती है वही यह रोड आगे तिल्दा,नेवरा को जोड़ती है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले नायब तहसीलदार ने सकरी पंचायत आकर आश्वासन देकर 10 से ,11 दिन में रोड निर्माण प्रारंभ करने की बात कही वही वर्तमान विधायक प्रमोद शर्मा ने भी आश्वासन दिया था पर अब कार्य काल समाप्त होने को है पर ध्यान नहीं दिया साथ ही अभी भी कोई कार्य की रूप रेखा नजर नहीं आई जिससे ग्रामीण छुब्ध होकर, रोड नही तो वोट नहीं धरना प्रदर्शन कर रोड एवं पुलिया की मांग अड़े हुए है। अब देखना यह होगा की क्या वोटो की जरूरत सरकार की आगामी चुनाव में भारी पड़ सकता है,वही ग्राम सकरी,भैसा करेली नयापारा,सतभावा,इन सारी गांव की लगभग 8000 वोट नहीं डालने की बात कही,साथ ही आज से 5 दिन बाद नयापारा के पास मेंन रोड को चक्का जाम करने बात कही। जिसमे यातायात के साथ, सीमेंट प्लांट की गाड़ियां,रोड में रुकने से भारी नुकेसान का खामियाजा कंपनी को होगा। स लिहाजा देखना यह होगा शासन प्रशासन क्या सामंजस्य स्थापित करती है।

## एक नजर

### मोदी सरकार का महिला आरक्षण बिल जुमला, कब लागू होगा स्पष्ट नहीं - सांसद

बिल के नाम पर मोदी सरकार व भाजपा के लोग झूठी वाहवाही लूट रहे

**कोरबा** । देशभर की लगभग 50 प्रतिशत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण वाले बिल के लोकसभा व राज्यसभा में पास हो जाने के बाद कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा है कि यह देश भर की महिलाओं के लिए सुखद समाचार है लेकिन महिला आरक्षण देश में कब लागू होगा इसे मोदी सरकार को स्पष्ट करना चाहिए।

श्रीमती महंत ने कहा कि मोदी सरकार का यह भी एक जुमला बिल है जो चुनाव के ठीक पहले पास किया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि देश भर के लगभग 70 करोड़ महिलाओं के लिए यह तब हर्ष की बात होती जब उक्त बिल 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व लागू हो जाता। उन्होंने बताया कि महिला बिल के नाम पर मोदी सरकार और भाजपा के लोग झूठी वाहवाही लूट रहे हैं। दरअसल उक्त बिल भले ही लोकसभा और फिर राज्य सभा में पास हो गया लेकिन इसे देश की जनगणना व परिसीमन के बाद ही लागू किया जा सकेगा। ऐसे में यह मुश्किल है कि उक्त महिला आरक्षण बिल 2029 तक पूर्ण रूप से लागू हो जाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार 2014 से जब से सत्ता में आई है तब से महिला आरक्षण बिल को लेकर मौन क्यों थी, अब जबकि इसी साल पांच राज्यों में चुनाव है और वर्ष 2024 में लोकसभा का चुनाव है उसे देखते हुए देशभर की 50 प्रतिशत महिलाओं को लुभाने के लिए उनका मत लेने के लिए यह जुमला बिल प्रस्तुत किया है। यदि इस महिला आरक्षण बिल के प्रति मोदी सरकार सही मायने में महिलाओं की चिंता करती है तो इसे लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व लागू करें।

### स्वास्थ्य अधिकारी ने विद्यार्थियों को दी डेंगू से बचाव के संबंध में जानकारी

डेंगू से बचाव व जागरूकता के लिए विद्यालयों में दिलाई गई स्वच्छता शपथ

**रायगढ़** । कलेक्टर श्री सिन्हा के नेतृत्व में डेंगू से बचाव के लिए युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया गया है। डेंगू के लिए सर्वे के साथ जन-जागरूकता अभियान, दवा का छिड़काव जैसे काम पूरी क्षमता से किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने शहर के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम नटवर स्कूल में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को डेंगू के कारण एवं लक्षण, उसके रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डेंगू से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि सावधान और जागरूक रहकर इससे बचने की सलाह दी।

सीएमएचओ ने बताया कि एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह दिन में काटता है। पाँच से छह दिन बाद डेंगू के लक्षण नजर आते हैं। उन्होंने एडीज मच्छर के प्रजनन व उसे फैलने से रोकने के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को डेंगू बीमारी से खुद को बचाने के लिए विभिन्न उपायों का पालन करने की सलाह दी है। उन्होंने डेंगू से बचने के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने घरों को साफ रखने के लिए सभी उपायों की जानकारी देकर अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु सामुहिक योगदान का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों एवं उनके जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। इस मौके पर नगर निगम की टीम एवं स्कूल की प्राचार्य श्रीमती रूबी वर्गीस उपस्थित रही।

डेंगू से बचाव के लिए विद्यालयों में दिलाई गई स्वच्छता शपथ

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी के बाद जिले के समस्त विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं व स्टाफ को डेंगू से बचाव व जागरूकता अंतर्गत स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देशन में प्रत्येक स्कूल में एक नोडल टीचर की नियुक्ति की गई थी, जिनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी व पाम्पलेट का पूर्व अध्ययन करके डेंगू से सावधानी एवं बचाव से सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को प्रार्थना सभा में अवगत कराया गया कि किस प्रकार सावधानी बरतनी है और डेंगू से बचने के क्या-क्या किया जाना है, स्कूल के सभी बच्चों को विस्तार से बताया गया। साथ ही बच्चों को यह भी अवगत कराया गया कि वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ पड़ोस के लोगों को भी प्रेरित करें कि डेंगू होने के क्या कारण होते है और इससे कैसे बचा जा सकता है। डेंगू बचाव व जागरूकता तथा स्वच्छता शपथ हेतु समस्त बीईओ बीआरसी एबीईओ प्राचार्य सीएससी प्रधान पाठक शासकीय और अशासकीय समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया गया था।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन/उपादान पुनरीक्षण के संबंध में दे जानकारी

**रायगढ़** । वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारी को आगामी 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों तथा 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की पेंशन/उपादान पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी देने हेतु कहा है। उन्होंने कहा कि वित्त निर्देश-26/2023 द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में शासकीय सेवकों का काल्पनिक आधार पर 1 जनवरी एवं 1 जुलाई को एक वेतन देकर पुनरीक्षित पेंशन/उपादान का लाभ देय है। अतएव अपने विभाग से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जानकारी निर्धारित प्रारूप जमा करें, ताकि वेतन वृद्धि काल्पनिक आधार पर जोड़कर सेवा पुस्तिका में इन्द्रांज कर सेवा पुस्तिका पेंशन पुनरीक्षण प्रस्ताव संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर को नियमानुसार यथाशीघ्र प्रेषित किया जा सके।

# शिक्षकों से किया वादा निभाया, प्रदेश में टॉप टेन रिजल्ट देने वाले उत्कृष्ट 17 शिक्षकों को संसदीय सचिव यूडी मिंज ने टेबलेट देकर किया सम्मानित

विधायक यूण्डी मिंज ने संकल्प शिक्षण संस्थान के बच्चों को गीत सुनाकर किया प्रेरित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर

प्रदेश में 14 बच्चों को मेरिट में लाने वाले उत्कृष्ट 17 शिक्षकों को संसदीय सचिव यूडी मिंज ने टेबलेट देकर सम्मानित किया है। सम्मानित होने वाले शिक्षक संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी और जशपुर के है

इससे पूर्व शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले भर के कुल 137 शिक्षकों को संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में सम्मानित किया गया था। मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी के छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। संकल्प शिक्षण जशपुर के शिक्षक प्रभात मिश्रा ने पढ़ाई लिखाई करा बाबू की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष अंजना मिंज, सरपंच बेमता टोली राजकुमारी लकड़ा, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता, संजीव शर्मा प्रेम शंकर यादव, सरीन राज, सचिन बंग उपस्थित रहे मंच संचालन अरविन्द मिश्रा ने किया।



बच्चों का शानदार भविष्य गढ़ने में अपना उत्कृष्ट योगदान दें

इस अवसर पर संसदीय सचिव यूडी मिंज ने कहा कि आप सभी शिक्षकों के कारण ही प्रदेश में शासकीय स्कूलों की प्रतिष्ठा बढ़ी है और 2022.23 में प्रदेश में जशपुर जिले के 14 बच्चे दसवीं मेरिट में स्थान बना पाए हैं। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है। संसदीय सचिव यू.डी. मिंज ने कहा मैंने अपना वादा निभाया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को टेबलेट देकर सम्मानित किया है ताकि आप सभी इसी प्रकार निरंतर जिले के बच्चों का शानदार भविष्य गढ़ने में अपना उत्कृष्ट योगदान देते रहें। संसदीय सचिव ने कहा कि बच्चों के लिए आपने समर्पित भाव से काम किया है इसके लिए जिले के लोग आपके प्रति कृतज्ञ है।उपलब्धि का यह माइल स्टोन जो सेट किया है उसे बनाये रखे। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने हर इंसान को कुछ न कुछ विशिष्टता दी है। उसे परखे और नित नई ऊर्जा के साथ उत्कृष्टता की ओर बढ़े। जिले का नाम पूरे प्रदेश में स्थापित किया है ये हमेशा बना रहे। पूरा प्रदेश अचंभित रह गया कि यह क्या हो गयाकि जशपुर जिले के शासकीय संकल्प शिक्षण संस्थान के इतने सारे बच्चे मेरिट में स्थान प्राप्त कर लिए। कई जिले के लोग इस सलता को नजदीक से देखने और समझने आये कि आखिर ऐसा क्या किया है संकल्प के शिक्षकों ने जिससे 14 बच्चों ने टॉप टेन में जगह बनाई। शासकीय स्कूल के शिक्षकों ने जो कमाल किया है वो इतिहास के पन्ने में दर्ज हो गया है जिसे मैं हर मंच से इसका गुणगान करता हूं। यह गर्व का विषय है इससे जिले का हर व्यक्ति गौरन्वित होता है, यह आप सभी की प्रेरणा और मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर उन्होंने संकल्प शिक्षण संस्थान के बच्चों को गीत सुनाकर प्रेरित किया। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने कहा कि संकल्प शिक्षण संस्थान के बच्चे प्रत्येक वर्ष सफ लता के नए इतिहास रचते है। और इस वर्ष तो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है जिसमें आप सभी शिक्षकों का बहुमूल्य योगदान है। आज शिक्षकों के इस सम्मान समारोह का विशेष महत्व इस बात के लिए भी है कि छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव यू डी मिंज द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है जो सदैव जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करते रहते हैं। उन्ही के प्रयास से जिले का दूसरा संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी की स्थापना हुई थी जहां के बच्चे प्रदेश स्तर पर मेरिट में आकर जिले को गौरवान्वित कर रहें है।

जनपद अध्यक्ष अंजना मिंज ने सभी को शुभकामनायें दी कहा कि आपके मेहनत से हम सब गौरवान्वित होते है, हम सबके लिए यह बड़ी बात है।

### इन्हें टेबलेट देकर किया गया सम्मानित

**संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर और कुनकुरी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको, व्याख्याताओं प्रभात मिश्रा,अश्विनी सिंह, दिलीप सिंह राजेन्द्र प्रेमी,ज्योति श्रीवास्तव, ममता सिन्हा मनीषा भगत दीपक कुमार ग्वाला, अवनीश कुमार पाण्डेय,युधिष्ठिर राम कैवर्त,अरविन्द कुमार मिश्रा नवनीत कुमार नारंग, विजय कुमार साहूए राजीव लोचन साहू, दिलीप यादवए अर्चना जेराल्डा श्रीमती प्रभा चौहान।**

# भू-माफियाओं का कारनामा कोरबा शहर राताखार की बेशकीमती सरकारी जमीन पर कब्जा

## टुकड़ों-टुकड़ों में बेचकर कमाए करोड़ों, हाईकोर्ट ने 3 माह के अंदर कब्जा खाली करा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।

**शहर के राताखार स्थित शासकीय भूमि जिसका खसरा नंबर 74 बटे एक जो पूर्व में बड़े झाड़ के जंगल के मद में राजस्व अभिलेखों में दर्ज रही है पर कब्जा कर उसे टुकड़ों में दर्जन भर लोगों से अधिक को बेच दिया गया।**



मामले की शिकायत प्रशासन से किए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। जिसे लेकर हाईकोर्ट बिलासपुर में जनहित याचिका दायर की गई। जिस पर छत्तीसगढ़ शासन व जिला प्रशासन शासकीय वकील ने माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष कब्जाधारियों के विरुद्ध धारा 248 भू राजस्व संहिता के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए अभ्यावेदन पर संज्ञान लिया जाना बताया है। जिस पर जिला प्रशासन के द्वारा शासकीय भूमि पर से कब्जा हटाने की कार्यवाही करना व्यक्त करते हुए माननीय उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति के समक्ष तीन माह के भीतर जमीन पर से कब्जा हटाकर रिपोर्ट पेश करना व्यक्त किया है। राताखार बजरंग चौक निवासी गोपाल शर्मा ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि राताखार क्षेत्र के खसरा नंबर 74/1 में बड़े पैमाने पर बेजा कब्जा किया गया है। वार्ड क्रमांक 2 राताखार बस्ती निवासी रणविजय सिंह उर्फ रणवीर सिंह वह उसके भाइयों ने अपने बाहुबल बल पर शासकीय भूमि पर कब्जा करते हुए उसे अपनी जमीन बताते हुए दर्जन भर लोगों से अधिक लोगों को प्लाट काटकर महंगे दरों पर बेच दिया है। जिस पर गोपाल शर्मा ने इसकी शिकायत जिला कलेक्टर व एसडीएम से की थी। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने हाईकोर्ट बिलासपुर में जनहित याचिका दायर की। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस एनके चंद्रवंशी की युगलपीठ में हुई। सरकारी वकील का कहना है कि कलेक्टर ने छग की धारा 248 भू राजस्व संहिता के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए अभ्यावेदन पर पहले ही संज्ञान ले लिया है। भू राजस्व संहिता कलेक्टर के समक्ष विचाराधीन है।

**सरकारी वकील ने कहा धारा 248 भू-राजस्व संहिता के तहत कब्जाधारियों के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही विचाराधीन, 3 माह के भीतर खाली करने का दिया दिया भरोसा**

*कोर्ट ने सरकारी वकील की दलील सुनने के बाद तीन महीने की अवधि के भीतर शीघ्रता से शासकीय भूमि पर से कब्जा हटाने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ने बताया कि मामले में हाईकोर्ट ने तीन माह का समय प्रतिवादी पक्ष की ओर से लिया गया है। हाईकोर्ट ने तीन माह के भीतर कब्जा हटाने की रिपोर्ट पेश करने कहा है। प्रकरण में सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व मंत्रालय, कलेक्टर कोरबा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कोरबा, तहसीलदार कोरबा व रणविजय सिंह उर्फ रणवीर सिंह को प्रतिवादी बनाया गया था मामले में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने जनहित याचिका को स्वीकार किया है।*

## एक नजर

### एक ही दिन में 15 किलोमीटर की प्रगति यात्रा

#### विधायक देवेंद्र ने वार्डवासियों के साथ किया लाखों के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

**भिलाई** । भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव में लगातार प्रगति यात्रा कर रहे है। इस प्रगति यात्रा के दौरान 23 सितंबर को वे एक ही दिन में 15 किलोमीटर की प्रगति यात्रा किए। वार्ड 46 से वार्ड 40 होते हुए वार्ड 41 तक प्रगति यात्रा की गई। इस दौरान विधायक ने वार्ड के विकास के लिए विकास का पिटारा खोला। लोगों को लाखों के विकास कार्यों की सौगात दी। प्रगति यात्रा की शुरूआत सबसे पहले वार्ड 46 दुर्गा मंदिर वार्ड से की गई।वार्ड में वार्डवासियों ने गणेश भगवान की स्थापना की हैपंडाल में पहुंचे विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड के सभी गणेश पंडाल में पहुंच कर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। गणेश जी के चरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए और हाथ जोड़ कर भिलाई की भलाई, भिलाईवासियों की सुखशांति, समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद वे वार्ड में प्रगति यात्रा करते हुए पैदल-पैदल सभी गलियों और लोगों के घरों से होते हुए चले। लोगों से मिलते गए। लोगों का हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान वे बड़े बुजुर्गों को प्रणाम किए। युवाओं से गले मिले हाथ मिलाए और छोटो से स्नेह दिए। चौक-चौराहो में बैठकर लोगों के साथ बातचीत की और वार्ड के विकास को लेकर जानकारी ली। कई विकास कार्यों की सौगात दी।

### भूपेश सरकार ने किसानों को बनाया समृद्ध - विशाल देशमुख

#### छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के मामले पर भाजपा नेताओं द्वारा झूठी व अनगर्ल ब्यानबाजी समझ से परे...

**दुर्ग** । छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के मामले पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा झूठी व अनगर्ल ब्यानबाजी की जा रही हैं। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी धान खरीदी को लेकर भ्रामक ब्यानबाजी की गई । जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के उपाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य विशाल देशमुख ने कहा कि भाजपा द्वारा जगह-जगह विज्ञापन बोर्ड लगाया गया है कि धान खरीदी में 80 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है, जो सरासर झूठ हैं।

जब कि वास्तविकता यह है कि छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर राज्य सरकार बैंकों से ब्याज पर ऋण लेकर धान खरीदी करती है एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सी.एम.आर. दर पर केंद्रीय पुल में चांवल जमा करती हैं। राज्य शासन की ओर से धान खरीदी का कार्य मार्कफेड द्वारा की जा रही हैं। यहां तक कि 15 साल भाजपा शासन के कार्यकाल में भी मार्कफेड के माध्यम से बैंकों से ऋण लेकर राज्य में धान खरीदी की गई हैं। धान खरीदी पर केंद्र सरकार की एजेन्सी भारतीय खाद्य निगम द्वारा धान खरीदी का कार्य किया जाता हैं। जबकि छत्तीसगढ़ में कही भी भारतीय खाद्य निगम द्वारा धान खरीदी का कार्य नहीं किया गया हैं। श्री देशमुख ने कहा कि यह सरासर झूठ है कि केंद्र सरकार द्वारा भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार बनने के बाद खरीदे गए धान का 80 प्रतिशत चांवल केंद्र सरकार द्वारा ली गई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019-20 में राज्य में 83 लाख मी.टन धान खरीदी की गई। इस हिसाब से कुल 56 लाख मी.टन चांवल होता है, परंतु केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019-20 में केंद्रीय पुल पर 28 लाख मी.टन चांवल जमा करने के आदेश दिए गए थे। जो कि 50 प्रतिशत हैं, वर्ष 2020-21 में राज्य सरकार ने 92 लाख मी.टन धान खरीदी की। जबकि केंद्र सरकार ने केंद्रीय पुल पर मात्र 24 लाख मी.टन चांवल जमा करने के आदेश दिए थे। जो कि 39 प्रतिशत के करीब होता हैं। इन दोनो वर्षो में केंद्र सरकार द्वारा जानबूझ कर धान खरीदी के लिए जुट बारदाना भी लगभग 35 प्रतिशत के बराबर दिया गया।

## एएसआई और प्लाटून कमांडर समेत अन्य पदों पर भर्ती की याचिका पर हाईकोर्ट से नहीं मिली कोई राहत, अर्जी खारिज

**बिलासपुर** । छत्तीसगढ़ में एसआई-प्लाटून कमांडर समेत अन्य पदों पर भर्ती में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिका पर फिलहाल प्रतियोगियों को कोई राहत नहीं मिली है। बिलासपुर हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की अंतरिम अर्जी खारिज कर दी है। शुक्रवार को 700 प्रतियोगियों की ओर से दायर 122 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने बंद लिफाफे में अपना जवाब प्रस्तुत किया है। दरअसल, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने सब इंस्पेक्टर, सूबेदार, प्लाटून कमांडर, सब इंस्पेक्टर (रेडियो), सब इंस्पेक्टर (कंप्यूटर) सहित अन्य 971 पदों पर भर्ती के लिए 13 सितंबर 2021 को विज्ञापन जारी किया था। 29 जनवरी 2023 को अंबिकापुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर और बिलासपुर में परीक्षा आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद परीक्षार्थियों ने अलग- अलग गड़बड़ियों को आधार बनाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दिया की है। हाईकोर्ट ने पूर्व में सुनवाई करते हुए अंतरित राहत नहीं दी थी, लेकिन राज्य सरकार को गड़बड़ियों की जांच करने और सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है कि एक विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिकाकर्ताओं ने दायर की थी।

## धरमजयगढ़ पुलिस टीम द्वारा मोटरयान एक्ट के तहत बड़ी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




रायगढ़ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सुपरविजन पर धरमजयगढ़ पुलिस लगातार अपराधियों पर कार्यवाही कर रही है। आज थाना प्रभारी धरमजयगढ़ प्रशिक्षु डीएसपी अमन लाखीसरानी एवं अमित कुमार तिवारी की टीम द्वारा एमव्ही एक्ट के तहत बड़ी कार्यवाही की गई है। एमव्ही एक्ट के तहत आज दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की सघन जांच की गई,

लपरवाही पूर्वक वाहन चलाने एवं सीट बेल्ट न लगाने और मोटर सायकल में तीन सवारी, लाईसेंस, गाड़ी का इंश्योरेंस की जांच की गई। जिसमें एमव्ही एक्ट के कुल 115 प्रकरण बनाया गया है। लपरवाह वाहन चालकों से 36 हजार 2 सौ रुपए की जुर्माना वसूली की गई है। बता दें कि कई वर्षों बाद एक ही दिन में इतनी बड़ी कार्यवाही की गई है। जगह-जगह वाहनों की जांच को देखते हुए अनियंत्रित वाहन चालक, नशे में वाहन चलाने वाले सहित अवैध कार्य करने वालों में दहशत पैदा हुआ है। वहीं आम जनता में पुलिस के प्रति सम्मान बढ़ा है। एसडीओपी मिश्रा अन्य प्रभारों का निर्वहन करते हुए धरमजयगढ़ पर भी पैनी नजर बनाए रखते हैं। जिसके कारण क्षेत्र में होने वाले अपराधिक गतिविधियों में कमी आई है।

## कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर डेंगू नियंत्रण कार्य में रविवार को भी फील्ड में डटे रहे अधिकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में डेंगू नियंत्रण के कार्य में आज रविवार को भी जिला स्तरीय अधिकारी फील्ड में डटे रहे। शहर में बढ़ते डेंगू प्रकरण के मद्देनजर कलेक्टर सिन्हा ने डेंगू सोर्स रिडक्शन एवं जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के सभी वार्डों के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों की ड्यूटी लगाई गई है। जो आज रविवार को भी शहर के विभिन्न वार्डों में निरीक्षण एवं सोर्स रिडक्शन कार्य में डटे रहे। इसकी मॉनिटरिंग स्वयं कलेक्टर सिन्हा कर रहे हैं, उनके द्वारा उत्तरदायी अधिकारियों से डेंगू नियंत्रण पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की लगातार जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देशन में जहां नगर पालिका द्वारा बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चला रही है, वहीं स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग घर-घर जागरूकता सर्वेक्षण कर कार्य किया जा रहा है। गत दिवस बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने सफाई दरोगा एवं सफाई कर्मियों को आगामी पखवाड़े भर मिशन मोड पर सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे डेंगू नियंत्रण पर बेहतर कार्य किया जा सके। जिससे फलस्वरूप शहर के वार्डो में फॉगिंग, सफाई, कचरा उठाव एवं दवाई का छिड़काव लगातार जारी हैं।

** वार्ड पर्यवेक्षण के लिए कलेक्टर सिन्हा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को किया नियुक्त*

** स्वयं कलेक्टर सिन्हा कर रहे डेंगू नियंत्रण कार्यों की मॉनिटरिंग*

### अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं, एमएमयू के माध्यम से किया जा रहा तत्काल जांच

कलेक्टर सिंह के निर्देशन में किरोड़ीमल शासकीय जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड में उपचार के लिए आवश्यक बेड, मेडिसीन एवं पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) स्लम इलाकों में जाकर तत्काल जांच भी कर रही हैं। जिससे वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में हैं, एवं पूरी तैयारी के साथ जिला प्रशासन विशेष परिस्थिति से निपटने के लिए भी तैयार हैं।

### नर्सिंग स्टूडेंट भी अभियान में हुई शामिल, सर्वे के साथ लोगों को किया जागरुक

कलेक्टर सिंह के निर्देश पर वार्ड सर्वे के लिए पूर्व में अधिकारियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन आज से 50 नर्सिंग स्टूडेंटस की टीम ने भी शहर के हण्डी चौक, लालटंकी, हटरी, गांजा चौक, गौशाला पर जैसे विभिन्न डेंगू प्रभावित वार्डो में सर्वे, सोर्स रिडक्शन, पोस्टर चस्पा एवं लोगों को डेंगू से बचाव के संबंध में जागरूक किया।



# राज्य की असर टीम किशोर व युवाओं की विकास क्षमता का करायेगी सर्वे

## सर्वे के लिये गरियाबंद जिले में दो बार में 60 गांव चयनित, 14 से 18वर्ष के छात्रों पर सर्वे होगा केन्द्रीत

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

**युवाओ में विकास क्षमता को आंकने केन्द्र व राज्य सरकार ने मिलकर असर टीम गठीत किया है जो गरियाबंद जिले के देवभोग मैनपुर फिंगेश्वर गरियाबंद छुरा ब्लाक के 60 गांव के 14 से 18 वर्ष के किशोर और युवाओं के विकास क्षमता का सर्वे करायेगी।**



इस सर्वे में उन युवाओ को लाभ मिलेगा जो किसी क्षेत्र में कुशल होने के बाद भी उनकी प्रतिभा उभर नहीं रही है। राज्य के असर समन्वयक सनीत कुमार साहू ने बताया जिले में 25 से 28 सितम्बर को असर 2023 बियान्ड बेसिक्स के नाम से आई टी एस कालेज के 65 बीएड,डीएड के विद्यार्थियो को प्रशिक्षित किया जायेगा। उसके बाद ये प्रशिक्षित फिल्ड पायलट गांव में सर्वे कर वहां के युवाओ में विकास की क्षमता तलाशेंगे।

### सर्वे के लिये ग्यारह ट्रेनर 65 विद्यार्थियो को करेंगे दक्ष

केन्द्र और राज्य सरकार के असर अभियान के प्रशिक्षण के लिये केन्द्र सरकार के 08 र राज्य सरकार के 03 को मिलाकर कुल ग्यारह ट्रेनर 65 महाविद्यालयीन छात्रों को प्रशिक्षित करेंगे। राज्य के तीन ट्रेनर में राज्य समन्वयक सनीत कुमार साहू,सह समन्वयक भूपेन्द्र बघेल और कृष्णा कश्यप प्रशिक्षण देंगे।इस अभियान को लेकर छग सरकार ने पिछले वर्ष अपने मत से राज्य के 28 जिले में सर्वे करायी थी।

### किन क्षमता और आकांक्षाओ पर सर्वे होगा केन्द्रीत

असर की टीम गांव के युवाओ में पढाई की स्थिति क्या है आगे चलकर क्या बनना चाहते हैं। उनका क्या रोल मॉडल है वही टेक्नोलॉजी प्लेटफार्म और स्मार्ट फोन का इस्तेमाल किन परिस्थिति मे करना है उनमे जागरूकता और डिजिटल कुशलता कितना है। इसके साथ साथ गणित में सरल गणना कर सकते है या नहीं क्या गांव के युवा निर्देशो को पढ़ और समझ सकते/इसी तरह युवा स्मार्ट फोन की उपयोग कर सकते है या नहीं अन्य डिजिटल कौशलता कितनी है इसका भी आंकलन करेगी।

### असर टीम 2023 की तुलना 2017 से करेगी

असर टीम युवाओ के स्तर क्षमता और आकांक्षाओ का आंकलन 2017की तुलना मे 2023 से करेगी वही टीम यह देखेगी बीते छह साल में ग्रामीण युवाओ में कितना बदलाव आया है ये ऐसा इसलिये कर रही है बीते दो साल कोविड 19के कारण स्कुल कालेज के अध्यापन कार्य प्रभावित थे। गांव के युवा इस परिस्थिति के बाद से क्या पढाई कर रहे हैं। या व्यवसायिक कार्य मे लगे है इन बातों का भी पता करेगी।

### सर्वे दो भागो में होगा एक गांव में 20 घरों को चुना जायेगा

गरियाबंद जिले में 60 गांव में सर्वे के लिये असर 2023 बियाण्ड बेसिक्स अभियान को दो भागो में बांटा गया है जिसमें सितम्बर 25 से 28 प्रशिक्षण के बाद 30 सितम्बर से 02अगस्त तक 30 गांव में तो वही इसके बाद वाले शुक्रवार शनिवार रविवार को 30 गांव में सर्वे होगा। एक गांव में 20घरों को चयनित कर सर्वे कराया जायेगा।

### असर अभियान से युवाओं को कितना मिलेगा लाभ

भारत सरकार और राज्य सरकार को इस अभियान के जरिये विविध क्षेत्रों में ग्रामीण युवाओं के क्षमता का आंकलन हो जायेगा। असर की टीम सर्वे रिपोर्ट दोनों सरकारों को भेजेगी जिसके बाद सरकारें उनके विकास के लिये विभिन्न योजनाएं चलाकर उनके विकास के लिये काम करेगी। सरकार का अनुमान है इस अभियान के जरिये देश में बेरोजगारी की समस्या दूर हो जायेगा।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in